आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!


वर्ष-11 । अंक 126 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, रविवार, 11 मई, 2025



# पाकिस्तान ने 3 घंटे में ही सीजफायर तोड़ा

## नगरोटा में मिलिट्री यूनिट पर आतंकी हमला, श्रीनगर समेत कई शहरों में ड्रोन अटैक

**एजेंसी ● नई दिल्ली/जम्मू/श्रीनगर/पठानकोट/अंबाला/अमृतसर/जैसलमेर**

भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम 5 बजे सीजफायर लागू हो गया। इसके 3 घंटे बाद ही पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन कर दिया। रात 8 बजे से पाकिस्तान की तरफ से जम्मू-कश्मीर के अखनूर, पुंछ, नौशेरा, श्रीनगर, आरएसपुरा, सांबा, उधमपुर में फायरिंग की जा रही है। राजौरी में शेलिंग (तोप और मोर्टार) की गई। उधमपुर में ड्रोन से हमला हुआ। फायरिंग के बाद से जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और गुजरात के बॉर्डर वाले जिलों में ब्लैकआउट कर दिया गया है।

### जम्मू-कश्मीर, राजस्थान-पंजाब में फिर ब्लैकआउट

सीजफायर के ऐलान के बाद जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और पंजाब के बॉर्डर वाले जिलों में ब्लैकआउट रद्द कर दिया था। लेकिन, पाकिस्तान की ओर से जम्मू-कश्मीर में फायरिंग के बाद फिर से ब्लैकआउट कर दिया गया है। बॉर्डर वाले जिलों की बिजली काट दी गई है। लोगों को घर से न निकलने की एडवाइजरी जारी की गई है।



### विदेश सचिव बोले- भारतीय सेना को फ्रीहैंड दिया

पाकिस्तान के सीजफायर तोड़ने पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने रात 11 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, ' पिछले कुछ घंटे से सीजफायर समझौते का पाकिस्तान की ओर से उल्लंघन हो रहा है। भारतीय सेना जवाबी कार्रवाई कर रही है और अतिक्रमण से निपट रही है। ये अतिक्रमण बेहद निंदनीय है और पाकिस्तान इसके लिए जिम्मेदार है।' मिसरी ने कहा, 'पाकिस्तान ने भारतीय सीमा में घुसना चाहा, हमने भारतीय सेना को फ्रीहैंड दे दिया है।' 'हमारा मानना है कि पाकिस्तान इस स्थिति को ठीक से समझे और इस अतिक्रमण को रोकने के लिए तुरंत उचित कार्रवाई करे। सेना इस स्थिति कड़ी नजर रख रही है और उसे किसी भी अतिक्रमण से निपटने के लिए ठोस और सख्त कदम उठाने के आदेश दिए गए हैं।' दोनों देशों के बीच सीजफायर 5 बजे हुआ था। इसके तीन घंटे बाद करीब 8 बजे पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और गुजरात में शैलिंग और ड्रोन अटैक किया।

### कांग्रेस की संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

युद्ध विराम पर शनिवार को सहमति बनने के बाद कांग्रेस ने सरकार से सर्वदलीय बैठक और पिछले दिनों के घटनाक्रम पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की। कांग्रेस महासचिव और पार्टी के संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने युद्ध विराम की घोषणा के तुरंत बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, "अभूतपूर्व घोषणा के मद्देनजर अब पहले से कहीं ज्यादा इन चीजों की जरूरत है - एक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए और सभी राजनीतिक दलों को विश्वास में लिया जाए। दूसरा, पहलगाम में निर्मम आतंकवादी हमले से लेकर पिछले 18 दिन के घटनाक्रम और भविष्य की राह पर चर्चा, तथा सामूहिक संकल्प दिखाने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए।* एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने संघर्षविराम पर सवाल उठाए हैं।

### कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा- हमने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम, रडार सिस्टम को फेल किया

शनिवार शाम को रक्षा मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें आर्मी से कर्नल सोफिया कुरैशी, एयरफोर्स से विंग कमांडर व्योमिका सिंह और नेवी के कमोडोर रघु आर नायर मौजूद थे। रक्षा मंत्रालय की 9 मिनट की ब्रीफिंग में कर्नल सोफिया ने पाकिस्तान की तरफ से गलत सूचनाएं फैलाने की जानकारी दी। वहीं कमोडोर नायर ने कहा कि भारत की सेनाएं पूरी तरह सतर्क और तैयार हैं। अगर फिर हमला हुआ, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे। अब मैं आपको पाकिस्तान की मिस इन्फॉर्मेशन कैंपेन के बारे में जानकारी दूंगी। पहला उसने अपने जेएफ-17 से हमारे एस-400 और ब्रह्मोस मिसाइल बेस को नुकसान पहुंचाया। ये बिल्कुल गलत है। उसका कहना है कि हमारी एयरफील्ड सिरसा, जम्मू,पठानकोट और भुज में हमला किया है, ये भी पूरी तरह से गलत है। हमारे चंडीगढ़ और ब्यास स्थित हथियार खाने पर हमला किया, यह बात भी गलत है। हमने आपको सुबह भी बताया था कि ये सभी मिलिट्री फैसिलिटीज पूरी तरह सुरक्षित हैं, इन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। पाकिस्तान कह रहा है कि भारत ने मस्जिदों को नुकसान पहुंचाया। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। भारत की सेना उसकी वैल्यूज की बहुत अच्छी झलक है। हमने उनके मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाया। भारत ने पाकिस्तान की एयरफील्ड स्कर्दू, जकूबाबाद, सरगोदा और बुलारी को बहुत नुकसान पहुंचाया है। हमने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम, रडार सिस्टम को फेल किया। उनके मिलिट्री सिस्टम का हमने नुकसान किया। इंडियन आर्म्ड फोर्सेस पूरी तरह तैयार हैं। भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए तैयार है।



### चीन बोला- हम पाकिस्तान के साथ



पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के मुताबिक चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने शनिवार को कहा कि उनका देश पाकिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और आजादी की रक्षा में उसके साथ खड़ा रहेगा। चीन के विदेश मंत्री ने यह बयान पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के साथ फोन पर बातचीत के दौरान दिया।

**शहबाज बोले- हमला करके गलती की : खामियाजा भुगतना होगा**

## हम खून के आखिरी कतरे तक लड़ने को तैयार...

**एजेंसी ● इस्लामाबाद**

भारत और पाकिस्तान में तनाव बढ़ने के बीच PM शहबाज शरीफ कुछ ही देर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। दोनों देशों के बीच शाम 5 बजे सीजफायर पर सहमति बनी थी।

3 घंटे बाद रात 8:30 बजे दोनों देशों ने एक दूसरे के इलाके में ड्रोन दिखाई देने की बात कही। पाकिस्तान ने दावा किया कि पेशावर में ड्रोन दिखाई देने के बाद पाकिस्तानी एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव कर दिया गया।

सीजफायर के लिए अमेरिका ने मध्यस्थता की। शनिवार शाम 5:30 बजे यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया, 'यूएसए की मध्यस्थता में रातभर चली लंबी बातचीत के बाद मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान तुरंत और पूरी तरह



हमले रोकने के लिए तैयार हो गए हैं। मैं दोनों देशों को कॉमनसेंस, समझदारी से भरा फैसला लेने के लिए बधाई देता हूं।'

पाकिस्तान के डिप्टी पीएम इशाक डार ने कहा कि दोनों देश तुरंत प्रभाव से सीजफायर पर सहमत हो गए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने हमेशा अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से समझौता किए बिना शांति और सुरक्षा के लिए कोशिश की है।

## भारत पर हुआ हर आतंकी हमला युद्ध माना जाएगा :सेना जवाब भी उसी तरह देगी

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

भविष्य में भारत पर होने वाला हर आतंकी हमला एक्ट ऑफ वॉर युद्ध का कारण या युद्ध की शुरुआत माना जाएगा। सरकार के टॉप सोर्स के हवाले से न्यूज एजेंसी ने कहा है कि सरकार इसका जवाब भी उसी अंदाज में देगी। यह फैसला पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ चल रहे संघर्ष पर सीजफायर से पहले लिया गया।

इससे पहले शनिवार को ही प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में पीएम आवास पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, NSA अजीत डोभाल, CDS और भारतीय सेना प्रमुखों के साथ बैठक की। 24 घंटे में सेना प्रमुखों के साथ यह उनकी दूसरी



मीटिंग थी। **एक्ट ऑफ वॉर कैसे निर्धारित करती है सरकार:** भारत में एक्ट ऑफ वॉर कोई एक कानून नहीं है, बल्कि इस पर फैसला कई कानूनों (संविधान, भारतीय न्याय संहिता), रक्षा कानून, अंतरराष्ट्रीय समझौते के आधार पर किया जाता है। भारत सरकार ही तय करती है कि कौन सी कार्रवाई एक्ट ऑफ वॉर है। आम तौर पर भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमले को एक्ट ऑफ वॉर माना जाता है।

### भारत के पाकिस्तान के खिलाफ 2 दावे

- विदेश मंत्रालय ने 9 मई को शाम 5.30 बजे पाकिस्तान के साथ तनाव पर लगातार तीसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मौजूद रहीं।
- रिहायशी इलाकों को निशाना बनाना पाकिस्तान ने भारतीय शहरों और सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर और कुछ मिलिट्री ठिकाने को टारगेट किया। पुंछ में गुरुद्वारे पर हमला किया। इन हमलों की जिम्मेदारी लेने की बजाय , पाकिस्तान कह रहा है कि भारतीय आर्मी ऐसा कर रही है।
- इंटरनेशनल एविएशन रुट ओपन रखना 7 मई 2025 को रात साढ़े आठ बजे मिसाइल और ड्रोन हमला किया और उस दौरान अपना एयर स्पेस बंद नहीं किया। नागरिकों का इस्तेमाल ढाल के लिए किया। हमारा एयरस्पेस नागरिक उड़ानों के लिए बंद है, लेकिन पाकिस्तान के इलाके में नागरिक उड़ान चल रही थी।

## माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय तक चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें : विधायक भगवानदास सबनानी

# एमसीयू में प्रतिभा पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

संवाददाता ● भोपाल







माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में प्रतिभा 2025 के अंतर्गत आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया । गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक श्री भगवानदास सबनानी, विशेष अतिथि प्रकाश हिंदुस्तानी उपस्थित थे।

**समारोह**

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी द्वारा की गई। कार्यक्रम में 19 सांस्कृतिक एवं 5 खेल प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पत्रकारिता, संचार शोध, मीडिया प्रबंधन विभाग एवं भारतीय भाषा विभाग से निकलने वाली पत्रिकाओं का भी विमोचन किया गया।

क्षेत्रीय विधायक भगवानदास सबनानी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आने तक सड़क एवं आवागमन की समस्या देखने को मिली है । उन्होंने कहा कि बरसात से पहले समस्या का समाधान कर लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि परिसर में हॉस्टल भी है और बच्चे आसपास भी रहते हैं । श्री सबनानी ने कहा कि 100 इलेक्ट्रिक बसें जल्द ही शुरु होने जा रही है। बच्चों को आवागमन में दिक्कत न हो इसलिए दो से तीन बसें इस क्षेत्र से होकर गुजरेंगी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि लिखने में कभी समझौता मत कीजिएगा। लिखने की धार बनाए रखना। उन्होंने आने वाले समय में वृक्षारोपण भी करने की बात कही । बिशनखेड़ी में सुरक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि अब पुलिस पेट्रोलियम भी यहां होगी, ताकि महिलाएं बहनें अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने समस्याओं पर कि विधायक निधि तक से समस्या का समाधान करना पड़े तो वे करेंगे। वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रकाश हिंदुस्तानी ने कहा कि पत्रकारिता में इस बात का महत्व है कि कब नहीं बोलना है और क्या नहीं बोलना है । उन्होंने छात्रों से कहा कि यदि कभी किसी का इंटरव्यू लेना हो तो यह कभी मत पूछना कि आपको कैसा लग रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय इस साल से सिंधी भाषा में पीजी डिप्लोमा शुरु करने जा रहा है। उन्होंने इसके लिए विशेष तौर पर डायरेक्टर रवि टेकचंदानी का आभार व्यक्त किया। अपने उद्बोधन में श्री तिवारी ने विद्यार्थियों से कहा कि वे सिंधी की दो पुस्तके द सिंध स्टोरी एवं द टियर्स ऑफ सिंधु जरूर पढ़ें ।

समारोह में विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव स्व. श्री अनिल चौबे स्मृति पदक 2024 सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर चलचित्र विभाग की खुशी बाथम को दिया गया। पुरस्कार स्वरुप 21000/- हजार रुपए की नगद राशि एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्व. चौबे की पत्नी श्रीमती आराधना चौबे भी उपस्थित थीं। इसी तरह स्व. श्री अम्बाप्रसाद श्रीवास्तव स्मृति पदक 2024 विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग की छात्रा सुश्री श्रृष्टि को प्रदान किया गया। समारोह में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग के द्वारा प्रतिभा प्रतियोगिता पर बनाया गया विशेष बुलेटिन भी दिखाया गया। कार्यक्रम में छात्रा हर्षिता श्रीवास एवं अदिति की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। प्रतिभा पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर प्रतिभा आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं कुलसचिव डॉ. अविनाश वाजपेयी, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, संयोजक, सांस्कृतिक संयोजक, समन्वयक, विभागीय सांस्कृतिक समन्वयक, अनुशासन समिति के सदस्य उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय, सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. उर्वशी परमार एवं डॉ. अरुण खोबरे ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## शॉट न्यूज

### पत्नी के दूसरे पति को चाकू से गोदकर उतारा मौत के घाट

**इंदौर**। विजय नगर इलाके में देर रात एक महिला के पहले पति ने दूसरे पति पर चाकू से वार करते हुए उसे मौत की नींद सुला दिया। हत्या के बाद आरोपी वहां से भाग निकला और फिर कुछ देर बाद उसने थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। विजय नगर पुलिस के मुताबिक हत्या की घटना रात 3.30 बजे कल्पकामधेनु कॉलोनी मालवीय नगर में हुई। मृतक का नाम बाबू बैरागी है। आरोपी का नाम राजू यादव है। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। मामले में शुरुआती जांच में पता चला है कि मृतक बाबू बैरागी मूल रूप से कोलकाता का रहने वाला है। कुछ दिनों पहले वह सोनिया नामक महिला से शादी कर इंदौर में आकर रहने लगा था। सोनिया ने अपने पहले पति राजू यादव को छोड़ दिया था। घटनाक्रम के बारे में पता चला कि महिला का पुराना पति राजू यादव कल कोलकाता से यह बोलकर मिला कि मैं तुम लोगों से मिलने आया हूं। मिल-जुलकर वापस चले जाऊंगा। महिला के दोनों पति दिन में मार्केट में शॉपिंग के लिए गए। शाम को शराब की बोतल लेकर कल्प कामधेनू नगर में घर पर आए। यहां दोनों ने शराब पी और और खाना खाने के बाद तीनों लोग सो गए थे। पुलिस के मुताबिक रात करीब 3:30 बजे आरोपी राजू यादव उठा और सोनिया से बोला कि मुझे बाथरूम जाना है, तुम लाइट चालू कर दो, क्योंकि बाथरूम घर में न होकर गली में पीछे है।

### भाभा विवि में 'लव जिहाद' पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन

**भोपाल**। भाभा विश्वविद्यालय, भोपाल में प्रज्ञा प्रवाह के तत्वावधान में "लव जिहाद" विषय पर एक दिवसीय गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध विधिवेत्ता प्रो. विश्वास चौहान (मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग भोपाल)ने विशेष रूप से आमंत्रित होकर प्रतिभाग किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने 'लव जिहाद' की अवधारणा, इसके कारण, प्रचार-प्रसार के तरीके, समाज पर पड़ने वाले प्रभाव और रोकथाम के उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। प्रो. चौहान ने विभिन्न केस स्टडी के माध्यम से प्रतिभागियों को समझाया की किस प्रकार सुनियोजित तरीके से युवाओं को बहकाने एवं उनके जीवन में विघटन लाने के प्रयास किए जाते हैं। उन्होंने इस संदर्भ में समाज और कानून की भूमिका पर भी प्रकाश डाला, साथ ही रोकथाम के लिए कानूनी, सामाजिक और शैक्षिक उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। गोष्ठी में सभी विभाग के कर्मचारी, छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने विषय की गंभीरता को समझते हुए इस तरह की चर्चा को समय की आवश्यकता बताया और समाज में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर सहमति जताई। के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन के साथ विश्व विद्यालय के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री विजय पुंज ने भारत की विशाल सांस्कृतिक विरासत एवं जीवन मूल्यों को सर्वोच्च्य वरीयता पर बल देने के वक्तव्य के साथ हुआ।

# स्टेशन पर संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त शातिर आरोपियों को आरपीएफ ने पकड़ा

## चोरी की नीयत से घूम रहे थे प्लेटफार्म पर, रेल अधिनियम के तहत हुई कानूनी कार्रवाई

संवाददाता ● भोपाल



मंडल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री प्रशांत यादव के निर्देशन में भोपाल मंडल द्वारा रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए निरंतर निगरानी अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में आरपीएफ के आरक्षक अमित यादव, मनीष कुमार, सत्येंद्र कुमार एवं कृष्ण कुमार की टीम द्वारा दिनांक 09 मई 2025 को सायं 19:15 बजे भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 2/3 पर यात्री सामान चोरी की नीयत से घूम रहे चार संदिग्ध व्यक्तियों को रेल सुरक्षा बल द्वारा पकड़ा गया।

**सुरक्षा**

आरपीएफ की चेकिंग टीम द्वारा पकड़े गए संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान लखन मोगिया (22 वर्ष, ग्राम मुगल खेड़ी, थाना कुरावर, जिला राजगढ़), रामबाबू मोगिया (29 वर्ष, ग्राम बदनपुर, थाना सहारनपुर, जिला राजगढ़), मिथुन सिंह मोगिया (25 वर्ष, ग्राम मुगल खेड़ी, थाना पटना, जिला राजगढ़) और जितेंद्र सिंह मोगिया (25 वर्ष, ग्राम श्यामपुर, जिला सीहोर) के रूप में हुई। पूछताछ और तलाशी के दौरान इनके पास यात्रियों से चुराए गए 4185/- नकद बरामद हुए। उक्त व्यक्ति रेलवे परिसर में बिना टिकट एवं वैध कारण के पाए गए। मौके पर कोई शिकायतकर्ता उपस्थित नहीं होने के बावजूद इनकी संदिग्ध गतिविधियों को गंभीरता से लेते हुए रेल अधिनियम की धाराओं 145 (अनुशासनहीनता), 146 (रेलवे कर्मचारी के आदेश की अवहेलना) तथा 137 (बिना टिकट यात्रा) के अंतर्गत केस पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा चारों आरोपियों को 30 दिन की सजा एवं 2800/- के आर्थिक दंड से दंडित किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित मामलों में भोपाल मंडल सख्त रुख अपनाए हुए है तथा इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण हेतु सतत अभियान जारी रहेंगे। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि स्टेशन परिसर में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम आरपीएफ पोस्ट या हेल्पलाइन नंबर 139 पर दें, ताकि सभी की यात्रा सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक बनी रहे।

# पीसी सेठी अस्पताल में एक दर्जन महिला डॉक्टरों की नियुक्ति जल्द

संवाददाता ● इंदौर

डॉक्टर और अन्य सपोर्टिंग स्टाफ की कमी से जूझ रहे पीसी सेठी अस्पताल के लिए यह अच्छी खबर है। बताया जा रहा है कि जीपीओ चौराहा स्थित पीसी सेठी अस्पताल में जल्द ही लेडीज स्पेशलिस्ट डॉक्टर की नियुक्ति की जाना है। बताया जा रहा है कि यहां करीब एक दर्जन डॉक्टर की पद स्थापना जल्द ही की जा सकती है। यदि ऐसा हुआ तो यहां आने वाले मरीज और खासकर गर्भवती महिलाओं को बहुत सुविधा हो जाएगी। जानकारी अनुसार स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते महिला डॉक्टर ही नहीं, बल्कि अन्य सपोर्टिंग स्टाफ की भी लंबे समय के कमी बनी हुई है। इससे पर्ची बनाने, दवा देने, एक्सरे आदि कार्य में परेशानी रही है। पेशेंट की पर्ची बनाने वाले ऑपरेटर अस्पताल को उपलब्ध ही नहीं कराए गए हैं। इस अस्पताल को डिलीवरी के लिए सबसे बेहतर अस्पतालों में माना जाता है। सरकारी होने के बावजूद यहां डॉक्टर और अन्य स्टाफ निजी अस्पतालों से बेहतर सुविधा प्रदान करता है। शायद यही कारण है कि यहां हर सप्ताह 150 के लगभग डिलीवरी होती है। हालांकि वर्तमान में पीसी सेठी अस्पताल डॉक्टर और अन्य स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। सूत्र बताते हैं कि वर्तमान में पीसी सेठी अस्पताल में लेडिस स्पेशलिस्ट डॉक्टर की संख्या सिर्फ तीन-चार ही है। अस्पताल में दिन और रात में इतने कम डॉक्टरों की संख्या के कारण मरीज को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में डिलीवरी के लिए सिर्फ इंदौर ही नहीं आसपास के अन्य जिलों से भी महिला मरीज आती हैं।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों को भी देखा

# जिला पंचायत सीईओ ने किया ग्राम पंचायतों का निरीक्षण



संवाददाता ● इंदौर

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन ने आज विकासखंड महू के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण किया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के साथ-साथ अन्य शासकीय योजना और संस्थाओं व जनपद पंचायत अंतर्गत संचालित उद्यमों का भ्रमण सह निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत कोदरिया एवं इससे लगे अन्य गांवों में निरीक्षण के दौरान आलू चिप्स उद्योग से निकलने वाले दूषित पानी के कारण गंभीर नदी में हो रहे जल प्रदूषण के प्रबंधन पर चर्चा की। कोदरिया में लगभग 113 इस तरह के छोटे बड़े उद्योग संचालित है।

**दौरा**

इन उद्योगो से स्टार्च युक्त एवं केमिकल का दूषित जल निकल रहा है। चर्चा में इस तरह के दूषित जल के उचित निपटान पर चर्चा की गयी। बड़ी मात्रा में स्टार्चयुक्त जल होने से इसे उपयुक्त तकनीक के माध्यम से ही शोधित किया जा सकेगा, इसके लिए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के राज्य कार्यालय से मार्गदर्शन व इस कार्य में दक्ष संस्था या सलाहकारों की सहायता प्राप्त करने के लिए निर्देश दिये। ग्राम पंचायत कार्यालय का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए। क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम मलेन्दी में निर्माण कार्यो व प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यो का अवलोकन किया। आवास योजना के हितग्राहियों से चर्चा की। ग्राम भ्रमण के दौरान जल जीवन मिशन के योजना का भी निरीक्षण किया गया।

भ्रमण के पश्चात मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जनपद पंचायत महू में विभिन्न विकास कार्यो को लेकर योजना प्रभारियो, उप यंत्री , एडीओ ,पीसीओ व समस्त स्टाफ की बैठक ली गयी। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, खेत तालाब योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, ई-केवायसी इत्यादि योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक ली गयी व जिला और राज्य स्तर से प्रदाय लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने व गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने हेतु सम्बन्धितो को निर्देशित किया गया। भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पंकज दरोठिया, सहायक यंत्री, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला समन्वयक व अन्य विकासखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## टैगोर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

# भारत में रंगमंच को प्रोत्साहित करने एवं शिक्षा से जोड़ने हेतु निजी विवि में रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय की अनूठी पहल

संवाददाता ● भोपाल



नाट्य कला एवं शिक्षण में करियर की चाह रखने वाले युवाओं को रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के अंतर्गत टैगोर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। इसमें छात्रों को ड्रामेटिक आर्ट्स में 1 वर्षीय पीजी डिप्लोमा, बी.ए. थिएटर, ड्रामेटिक्स में 2 वर्षीय एम.ए. एवं थिएटर में पीएचडी पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

इन पाठ्यक्रमों में आवेदन के लिए छात्र किसी भी विषय में स्नातक तथा हिंदी और अंग्रेजी का व्यावहारिक ज्ञान, कम से कम 4 अलग-अलग नाटकों में प्रतिभागिता का अनुभव और कम से कम एक 1 रंगमंच विशेषज्ञ का अनुशंसा पत्र की आवश्यक योग्यता होनी जरूरी है। आयु सीमा 21 से 30 वर्ष (1 जुलाई 2025 तक) है। यह पूर्णतः आवासीय पापठ्यक्रम है। इसमें कुल 30 विद्यार्थी चयनित होंगे जो कि 6000 रुपए प्रतिमाह की स्कॉलरशिप पर सशुल्क अध्ययनरत होंगे। आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.rntu.ac.in पर दिनांक 31 मई तक ऑनलाइन भरे जा सकते हैं।

पाठ्यक्रमों के अंतर्गत विद्यार्थियों को एक्टिंग स्टूडियो की सुविधा, विश्वस्तरीय फिल्म एवं थिएटर फैकल्टी से शिक्षा का अवसर, व्यावहारिक ज्ञान के लिए फिल्म मेकिंग स्टूडियो, इंटर्नशिप के अवसर, प्लेसमेंट सहायता, पारंपरिक एवं समकालीन परफॉर्मिंग आर्ट्स में वर्कशॉप, प्रोफेशनल स्तर की साउंड एवं लाइटिंग उपकरणों की सुविधा प्रदान की जाती है।

## मैगा टाउनशिप के लिए हीरानंदानी कम्युनिटीज और क्रिसला डेवलपर्स के साथ मिलकर काम किया

# डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर ने पुणे में 1,100 करोड़ की थीम पर काम किया

एजेंसी ● मुंबई




भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में अपनी तरह के पहले कदम के तहत, डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर ने पुणे में 1,100 करोड़ रुपये की राजस्व क्षमता वाली एक ऐतिहासिक, रेसकोर्स थीम वाली मेगा टाउनशिप शुरू करने के लिए हीरानंदानी कम्युनिटीज और क्रिसला डेवलपर्स के साथ एक मालिकाना CDDMOTM मॉडल में प्रवेश किया है। थीम आधारित आतिथ्य संचालित मॉडल रियल एस्टेट में एक नए निवेश वर्ग को खोलता है जिसमें 9% तक ROI प्राप्त करने की क्षमता है। यह मॉडल सुनिश्चित करता है कि मूल्य प्रस्ताव रियल एस्टेट से कहीं आगे तक फैला हुआ है, एक क्यूरेटेड लाइफस्टाइल इकोसिस्टम बनाता है जो बेजोड़ विलासिता, समुदाय और अनुभवात्मक आतिथ्य को मिलाता है।

**प्रवेश**

पुणे के तेजी से विकसित हो रहे उत्तरी हिंजेवाड़ी में 40 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले इस टाउनशिप में 8 एकड़ का रेसकोर्स और इंटरनेशनल पोलो क्लब, 128 निजी विला प्लॉट, 112 रिसॉर्ट निजी निवास, 300 चाबियों वाला 5-सितारा लक्जरी रिसॉर्ट, 9 विवाह स्थल स्थल, 12 कॉर्पोरेट और एमआईसीई स्थल, एक्सट्रीम एडवेंचर पार्क, डेला रेंज गोल्फ, स्वास्थ्य सुविधाएं और डेला की विशिष्ट डिजाइन संवेदनाओं द्वारा संचालित अनुभवात्मक स्थान शामिल होंगे। टाउनशिप की समकालीन जैविक और ब्रिटिश औपनिवेशिक वास्तुकला और डिजाइन शैली घर के मालिकों और निवेशकों की नई पीढ़ी की सौंदर्य संबंधी प्राथमिकताओं के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होती है जो अनुभवात्मक जीवन, स्थिर रिटर्न और दीर्घकालिक परिसंपत्ति विकास को महत्व देते हैं।

इस विकास के पीछे दूरदर्शी, डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर के संस्थापक और अध्यक्ष, जिमी मिस्त्री ने कहा, 'यह सिर्फ एक और टाउनशिप नहीं है - यह भारत में पहले कभी नहीं देखे गए रियल एस्टेट मॉडल का जन्म है। हमारे CDDMOTM दृष्टिकोण के साथ, हम रियल एस्टेट को एक उत्पाद से एक अनुभव में बदल रहे हैं, और एक स्थिर संपत्ति से एक गतिशील, उपज-उत्पादक निवेश में बदल रहे हैं। यह पहली बार है जब आवासीय रियल एस्टेट 3% के पारंपरिक उद्योग मानदंडों से अधिक रिटर्न दे रहा है - पारंपरिक अपेक्षाओं को तोड़ते हुए रियल एस्टेट निवेश पर 9% तक का सुनिश्चित रिटर्न दे रहा है। यह लक्जरी भविष्य के अनुकूल जीवन है, जिसे सटीकता के साथ क्यूरेट किया गया है और डिजाइन, नवाचार और परिचालन उत्कृष्टता द्वारा संचालित किया गया है।' उद्योग के दिग्गज, डॉ. निरंजन हीरानंदानी - चेयरमैन- हीरानंदानी कम्युनिटीज ने इस साझेदारी पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, 'भारतीय रियल एस्टेट परिदृश्य में आमूलचूल परिवर्तन हो रहा है, जो एकीकृत, वन-स्टॉप गंतव्यों में जीवनशैली-केंद्रित जीवन जीने के लिए घर खरीदारों की बढ़ती आकांक्षाओं से प्रेरित है। उद्योग को ऐसे रुझानों को अपनाना चाहिए जो ग्राहक-केंद्रितता को बढ़ाने के लिए स्थान और सेवाओं के निर्बाध एकीकरण पर जोर देते हैं। जैसे-जैसे आधुनिक घर खरीदारों की प्राथमिकताएँ विकसित होती जा रही हैं, रियल एस्टेट डेवलपर्स को महत्वाकांक्षी भारतीय घर मालिकों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए अनुकूलित अभिनव पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए संबद्ध उद्योगों के साथ सहयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

नवाचार और ट्रेंडसेटिंग हमेशा से हीरानंदानी की पहचान रहे हैं। पुणे के उत्तरी हिंजेवाड़ी में 105 एकड़ की टाउनशिप पर क्रिसला डेवलपर्स के साथ हमारा रणनीतिक संयुक्त उद्यम हीरानंदानी समूह के पुणे के तेजी से बढ़ते रियल एस्टेट बाजार में प्रवेश का प्रतीक है। इसके अलावा, डेला ग्रुप के साथ विकास प्रबंधन समझौता क्यूरेटेड अनुभवात्मक रहने की जगहें देने की हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। इस सहयोग का उद्देश्य जीवन शैली को फिर से परिभाषित करना, अंतिम उपयोगकर्ताओं और निवेशकों दोनों के लिए मूल्य प्रस्ताव को बढ़ाना और भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में एक नया मानक स्थापित करना है।"

### मई की गर्मी पीछे छूटी : कूलर-एसी किसी काम के नहीं, पंखे की हवा ही काफी

# प्री मानसून ने तोड़ा रिकॉर्ड : औसत से भी हजार गुना ज्यादा बारिश दर्ज

संवाददाता ● इंदौर

**मौसम**

इस बार प्री मानसून ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मई की शुरुआत से ही मौसम ने करवट ली और अब इंदौर में औसत से कई गुना ज्यादा बारिश दर्ज हो चुकी है। शुक्रवार को भी सुबह से ही बादल छाए , कुछ क्षेत्रों में सुबह भी बूंदाबांदी हुई है। इंदौर में प्री मानसून में 1043% ज्यादा पानी बरस चुका है। गुरुवार को इंदौर में पारा 30.8 डिग्री पर रहा जो 2.2 डिग्री बढ़ा और रात का पारा 20.8 रहा जिसमें 1.6 डिग्री की बढ़ोतरी देखी गई। शुक्रवार को 1.2 डिग्री की बढ़ोतरी देखी अधिकतम तापमान 32 डिग्री रहा। शहरवासियों ने मई में सूर्य के तीखे तेवर देखे हैं, लेकिन इस साल मई माह ठंडक का एहसास करा रहा है। कूलर-एसी की जरुरत नहीं पड़ रही है। पंखे से ही काम चल रहा है। शुक्रवार को भी मौसम के अलग-अलग नजारे देखने को मिले। दोपहर में रिमझिम बाारिश का दौर पंद्रह से बीस मिनट तक तक शहर में चला। फिर थोड़ी देर के लिए धूप निकल आई। कुछ देर बाद फिर बादल छाने लगे। दिनभर मौसम की यू ही लुकाछिपी चलती रही। इस कारण मौसम खुशगवार रहा। मई में अब तक पौने पांच इंच बारिश हो चुकी है, जो अपने आप में रिकार्ड है। अब तक इंदौर में इतनी बारिश कभी मई माह में नहीं हुई है। इससे पहले मई माह में 1886 में आधा इंच बारिश हुई थी। शहर में गुरुवार रात का तापमान 21.8 दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री कम था,



### बादलों की वजह से उमस

पानी रुकने के बाद से इंदौर में उमस बढ़ रही है। कल से बूंदाबांदी हो रही है, लेकिन कहीं पर भी तेज बारिश नहीं हुई है। बादलों की वजह से उमस में अधिकता देखी जा रही है। हालांकि दोपहर के समय तेज गर्म हवाओं से राहत मिली है और दिनभर मौसम सुहाना बना हुआ है। अप्रैल के अंत और मई के शुरुआत में पड़ने वाली गर्मी से लोगों को बड़ी राहत मिली है। ऐसा ही मौसम 11 मई तक बना रहेगा।

जबकि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री रहा। आमतौर पर मई माह में तापमान 40 डिग्री से उपर रहता है। हवा की रफ्तार भी 25 किलोमीटर प्रति घंटा रही। तेज हवा के साथ बारिश नहीं होने के कारण शहर में बिजली गुल होने की समस्या कम रही।

## शॉट न्यूज

### दुकानों और घरों पर अवैध कब्जा प्रकरण दर्ज

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की चार दुकानों पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी विजय पिता अर्जुन राठौर की रिपोर्ट पर आमिर पिता हसन खान निवासी सैफी नगर के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी विजय राठौड़ ने पुलिस को बताया कि अपोलो स्क्वायर में उसकी 26 से लेकर 29 नंबर तक की दुकान है जिस पर आरोपी ने कब्जा कर लिया। इसी प्रकार फरियादी मीना पति विजय वर्मा निवासी हुकुमचंद कॉलोनी की रिपोर्ट पर अरुण पिता कैलाश यादव और सुनील मालवीय निवासी नंदनवन कॉलोनी के खिलाफ केस केस दर्ज किया है। फरियादी मीना ने पुलिस को बताया कि उसका एरोड्रम थाना अंतर्गत गोमटेश सिटी में मकान है। मीना ने बताया कि आरोपी ने उसके मकान का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया।

### तीन घरों से लाखों के जेवर और नकदी ले उड़े बदमाश

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में चोरों ने एक साथ तीन घरों के दरवाजे की कुंडी काटी और लाखों के जेवर और नकदी चुरा कर ले गए। फरियादी प्रकाशचंद पिता शालिग्राम 44 साल ने पुलिस को बताया कि वह कालिंदी गोल्ड सिटी में परिवार के साथ रहता है। उसके मुताबिक वह 5 मइ को परिवार के साथ रिश्तेदार के यहां मंदसौर गया था। लौटा तो चोरी का पता चला। चोरों ने उनके दरवाजे की कुंडी काट दी और अलमारी में रखें तीन लाख से अधिक के जेवर और 50 हजार रुपए नकदी चुरा कर ले गए। फरियादी प्रकाश चरण में बताया कि चोरों ने उनके पड़ोसी सिद्धार्थ रामटेक और राहुल कुशवाहा की मकान के दरवाजे की कुंडी कटी और यहां से जेवर और नकदी चुरा कर ले गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। इसी प्रकार फरियादी देवेंद्र पिता दुलीचंद खत्री निवासी एरोड्रम के यहां चोरी की घटना हुई।

### कलयुगी बेटे ने मां-बाप को पीटा

इंदौर। चंदन नगर इलाके में कलयुगी बेटे ने मां बाप के साथ बेरहमी से मारपीट की और धमकी देकर भाग गया। फरियादी अकीला खान पति अल्ला नूर खान 60 साल निवासी अहमदनगर ने पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सुबह 11 बजे मेरा बेटा बबलू उर्फ बाला आया और जमीन एवं घर बेचकर हिस्सा देने की मांग करने लगा। मैंने मना किया तो गालियां देते हुए पाइप से मारपीट की शोर शराबा सुनकर पति अल्ला नूर बीच बचाव करने आए तो उसके साथ भी मारपीट की और धमकी दी कि अगर मुझे हिस्सा नहीं दिया तो तुम दोनों को जान से मार दूंगा। चंदन नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। फरियादी कैलाश पिता राम प्रसाद चौहान विदुर नगर ने पुलिस को बताया कि भतीजा शुभम चौहान ने घरेलू बात को लेकर चाकू मार दिया और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। फरियादी दिलीप पिता ओमप्रकाश वर्मा निवासी स्कीम नंबर 78 ने पुलिस को बताया कि वह बजरंग नगर में रहने वाली पत्नी को लेने गया तो साला अशोक पिता विष्णु वर्मा ने गालियां दी और सर पर लोहे का पाइप मार दिया और धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

# औषधीय पौधों और अश्वगंधा के संकलन पर कार्यशाला



संवाददाता ● इंदौर

आयुष विभाग द्वारा देवारण्य योजना के अंतर्गत 'एक जिला एक औषधि अश्वगंधा' पहल के तहत अश्वगंधा की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए वन समितियों और कृषकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला आयुष अधिकारी हंसा बारिया, वन विभाग की फॉरेस्ट रेंजर सुनीता ठाकुर, योजना के नोडल अधिकारी डॉ. शीतल कुमार सोलंकी, डॉ. कमलेश पाटिल, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. मनीष रघुवंशी, प्रदीप शर्मा, बीट प्रभारी सचिन मंडलोई के साथ इंदौर वन मंडल के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अश्वगंधा की खेती के आर्थिक और औषधीय महत्व को उजागर करना तथा कृषकों और वन समितियों को इसके उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन के लिए प्रशिक्षित करना था। श्रीमती हंसा बारिया ने बताया कि अश्वगंधा की खेती न केवल किसानों के लिए आर्थिक समृद्धि का द्वार खोलेगी, बल्कि आयुष क्षेत्र में इंदौर को एक नई पहचान भी दिलाएगी।

ठाकुर ने वन समितियों को अश्वगंधा की खेती के लिए तकनीकी सहायता और वन भूमि के उपयोग पर जोर दिया। डॉ. सोलंकी ने अश्वगंधा की खेती की आधुनिक तकनीकों और इसके औषधीय गुणों पर प्रकाश डाला। कृषकों को खेती की बारीकियों और बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन बढ़ाने के तरीकों के बारे में जानकारी भी दी। प्रदीप शर्मा और बीट प्रभारी मंडलोई ने कार्यशाला में स्थानीय समुदायों और वन समितियों को योजना से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंदौर वन मंडल के प्रतिनिधियों ने इस पहल को पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय आजीविका के लिए एक सकारात्मक कदम बताया।

### जम्मू में पाकिस्तानी रॉकेट हमले के बाद कटरा में फंसे इंदौर के यात्री

**इंदौर।** जम्मू-कश्मीर में गोलाबारी होने के बाद कटरा में भी तनाव बढ़ गया है। शहर से माता वैष्णोदेवी यात्रा करने गए कई लोग कटरा में फंसे हुए है। शहर में ब्लैक आउट लागू हो चुका है और यात्रियों को होटलों में रुकने का संदेश दिया गया है। पाकिस्तान की तरफ से गोले दागने के बाद जम्मू-कश्मीर में सेना ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। कटरा में तो गुरुवार को जम्मू एयर स्ट्रिप पर रॉकेट दागा गया था। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षा बल अधिक सक्रिय हुआ और माता वैष्णो देवी के दर्शन करने गए श्रद्धालुओं को खाली करने के निर्देश दिए। सभी यात्रियों को सुरक्षित स्थान और होटलों में रुकने के लिए कहा गया। बाणगंगा से दर्शन करने गए सुभेंद्रसिंह, अथर्वसिंह, अक्षतसिंह, तेजेंद्रसिंह, पृथ्वीराजसिंह, आदित्यसिंह, दिशा चौहान, वैशाली ठाकुर और साक्षीसिंह परिवार सहित कटरा में हैं। शुभेंद्र के मुताबिक कटरा में चारों तरफ अंधेरा है। होटल में भी बिजली नहीं जला सकते हैं। चारों तरफ सेना के जवान हैं। बार-बार सायरन की आवाज आती है। बाजार तो शाम से ही बंद हो गए।

### ट्रैक्टर चालक ने मासूम को कुचला, मौत

**इंदौर।** देहात इलाके मानपुर में एक खेत में तेज रफ्तार ट्रेक्टर के चालक ने चार साल की बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर घायल बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक पर केस दर्ज कर हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक हादसा ग्राम कुमठी में दिनेश चौधरी के खेत पर हुआ। मृतका का नाम शिवानी पिता लक्ष्मण फूलफगर (4) निवासी ग्राम उंडाखो, मांडव जिला धार, हाल मुकाम ग्राम कुमठी है। पुलिस ने ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 09 जेडवी 5690 के चालक के खिलाफ केस दर्ज कर ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। पुलिस के मुताबिक घटना दिनांक को बालिका खेत के समीप खेल रही थी। उसी दौरान आरोपी ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर को तेज गति और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बालिका शिवानी को चपेट में ले लिया। हादसा होते ही वहां काम करने वाले मजदूरों में हडकंप मच गया। पुलिस के मुताबिक बच्ची को सिर में भी गंभीर चोट आई थी। उसे तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि पुलिस ने आरोपी चालक पर केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।


### गर्मी से बचाव...



भीषण गर्मी का दौर जारी है। ऐसे में लोग तेज धूप से बचने के लिए तरह-तरह के जतन कर रहे हैं। जरुरी कामों से घरों से निकलने वाले लोगों को तेज धूप से इस तरह बचना पड़ रहा है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान

# 300 वर्ष पुरानी बावड़ी के जीर्णोद्धार सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा



संवाददाता ● इंदौर

**लागत**

इंदौर जिले के कनाड़िया में स्थित लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर द्वारा निर्मित 300 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक बावड़ी का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की पहल पर पूर्ण कर लिया गया है। इंदौर विकास प्राधिकरण की इस परियोजना पर लगभग एक करोड़ रुपए की लागत आई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आगामी इंदौर प्रवास के दौरान इस ऐतिहासिक बावड़ी का लोकार्पण और देवी अहिल्या माता की प्रतिमा का अनावरण प्रस्तावित है। जल संसाधन तुलसीराम सिलावट ने आज कनाड़िया पहुंचकर इस कार्य का अवलोकन किया। मंत्री सिलावट ने बताया कि यह बावड़ी न केवल ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसकी भव्यता और सांस्कृतिक विरासत इसे एक संभावित प्रमुख पर्यटन केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर करती है। उन्होंने कहा कि इसकी सुंदरता और महत्व को देखते हुए इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और इंदौर की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर होगी।

### इंदौर की समृद्ध विरासत

पिछले वर्ष सितंबर माह में कनाड़िया के दौरे पर जल संसाधन मंत्री सिलावट पहुंचे तो उन्हें जानकारी मिली कि यह बावड़ी लोकमाता अहिल्याबाई होलकर द्वारा निर्मित की गई थी और वर्तमान में कुछ लोग इसे मिट्टी से भरकर अन्य उपयोग में लेना चाह रहे हैं, तब उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप कर इसके किसी अन्य उपयोग पर रोक लगाई। इसके पश्चात अधिकारियों के साथ बैठक की और जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की कार्ययोजना बनाकर तेज़ी से कार्य प्रारंभ करवाया गया। यह कार्य अब लगभग पूर्ण हो गया है। जल संरक्षण की यह पहल न केवल इंदौर की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक मील का पत्थर है, बल्कि यह जल संरक्षण, पर्यटन और सांस्कृतिक जागरुकता का सुंदर संगम भी है। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने कहा यह बावड़ी हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की स्मृति से जुड़ी यह संरचना जल संरक्षण का जीता-जागता उदाहरण है। हम इसे सिर्फ संवार नहीं रहे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बना रहे हैं। यह पहल केवल विरासत संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता का भी एक प्रत्यक्ष उदाहरण है। वर्षों से उपेक्षित रही यह बावड़ी अब पुनर्जीवित होकर वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण और ग्रामीण जल आपूर्ति के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

### नगर निगम के यातायात विभाग में बनाई योजना

# सोलर एनर्जी की बिजली से चलेंगे ट्रैफिक सिग्नल

संवाददाता ● इंदौर

शहरभर में चौराहों पर लगे ट्रैफिक सिगनलों को अब जल्द ही सोलर पैनल से चार्ज किए जाने की योजना बनाई जा रही है। शहर भर में लगे सभी ट्रैफिक सिगनलों के ऊपर सोलर पैनल लगाए जाएंगे जिससे प्राप्त बिजली से ही ये ट्रैफिक सिग्नल काम करेंगे। ट्रैफिक सिगनलों को सोलर एनर्जी से चार्ज करने से नगर निगम द्वारा बिजली का खर्च कम किया जा रहा है। सोलर एनर्जी से प्राप्त बिजली से जब ट्रैफिक सिग्नल कार्य करेंगे तो बिजली कंपनी को दिए जाने वाला पैसा निगम का बचेगा और इसे अन्य विकास कार्यों में लगाया जा सकेगा।

निगम की योजना है कि इस वर्ष के अंत तक सभी चौराहों पर सोलर एनर्जी से चलने वाले ट्रैफिक सिग्नल स्थापित कर दिए जाएं। जानकारी अनुसार चौराहों पर



ग्रीन ट्रैफिक सिग्नल स्थापित करने के लिए नगर निगम का यातायात विभाग लगातार कार्य कर रहा है। इसके लिए योजना बनाकर आला अधिकारियों को भेजी जा चुकी है। हालांकि शहरभर के सभी सिगनलों को सोलर एनर्जी से चार्ज करने के लिए करोड़ों रुपए लोकधन खर्च करना होगा। इसके बाद भी नगर निगम इसके लिए प्लानिंग कर चुका है। बताया जा रहा है कि इस वर्ष के अंत तक शहर में सभी चौराहों पर पैनल लगाए जाना प्रस्तावित है।

पैनल लगाने से बिजली बिल की जो राशि बचेगी, उसका उपयोग इंटीग्रेटेड ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम पर होगा। इस सिस्टम के स्थापित होने से ट्रेफिक संबंधी कई समस्याओं का निदान हो पाएगा। मानव श्रम की जरूरत कम पड़ेगी। मानव श्रम का उपयोग अन्य कार्यों में हो सकेगा। ट्रैफिक पुलिस भी निगम के हरित क्रांति अभियान में शामिल होने जा रही है। इसकी शुरुआत चौराहों पर लगे सिग्नल से की जाएगी।कुछ सिग्नलों पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। बचे हुए चौराहों पर धीरे-धीरे पैनल लगाए जाएंगे। इन पैनलों के लगने से बिजली की जरूरत नहीं पड़ेगा। सूर्य की रोशनी से पैनल चार्ज होंगे।

### इंदौर में अलर्ट... , बिना परमिशन आयोजन-प्रदर्शन पर बैन

# पुलिस का आदेश, किरायेदारों की सूचना देना जरूरी

संवाददाता ● इंदौर

**सुरक्षा**

भारत-पाकिस्तान के मध्य चल रहे तनाव को देखते हुए पुलिस अलर्ट है। संवेदनशील क्षेत्रों और रेलवे स्टेशन व बस अड्डों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पेट्रोल पंपों पर बोतल या खुले डिब्बों में पेट्रोल बेचना-खरीदना प्रतिबंधित किया गया है। पुलिस आयुक्त संतोष कुमारसिंह ने भी बीएनएस की धारा 163 के तहत कई तरह के प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिए हैं। आयुक्त ने कहा कि बाहरी व्यक्तियों के आपराधिक गतिविधियों नें लिप्त होने की सूचना मिल रही है। पूर्व में भी आतंकवादी संगठन के सदस्यों और बांग्लादेशी अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। नगरीय सीमा में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किरायेदारों, नौकरों, कर्मचारियों की जानकारी देना अनिवार्य है।

### यह आदेश दिए गए

छात्रावास में रहने वाले छात्रों की जानकारी विहित प्रारुप में भरकर थाने में जमा करें। होटल-लाज और धर्मशालाओं में रुकने वाले व्यक्तियों की जानकारी अवश्य दें। भवन निर्माण में लगे कारीगर, मजदूरों, ठेकेदारों की जानकारी भी दें। राजनीतिक दल धरना, प्रदर्शन और जुलूस की विधिवत अनुमति लें। नगरीय सीमा में धार्मिक संस्था, राजनीतिक संगठन, वेतन भोगी, शासकीय कर्मचारी बगैर अनुमति प्रदर्शन नहीं करें। जुलूस, धरना प्रदर्शन और धार्मिक आयोजन में शस्त्र, विस्फोटक सामग्री का उपयोग न हो। नशीली गोलियों की खरीदी-बिक्री पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। गर्भपात, गर्भ समापन संबंधित औषधियां बेचना प्रतिबंधित किया गया है। पेट्रोल पंप से खुले में डिब्बे और बोतलों में पेट्रोल लेना व बेचना प्रतिबंधित है।

### होलकर स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी, लिखा- 'पाकिस्तान से पंगा मत लो



पाकिस्तान से युद्ध के हालात के बीच मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) को धमकीभरा ई-मेल मिला है, जिसके शीर्षक में होलकर स्टेडियम को बम से उड़ाने और देशभर में स्लीपर सेल होने की धमकी दी गई है। पुलिस और प्रशासन ने जांच प्रारंभ कर दी है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने आपरेशन सिंदूर प्रारंभ किया है। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर आक्रमण किया, जिसका भारतीय सेना ने जोरदार जवाब दिया। इस बीच शुक्रवार को मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन को एक मिला धमकीभरा मेल मिला है। हालांकि मेल में लिखी भाषा से किसी शरारती दिमाग की करतूत नजर आती है। मेल के शीर्षक में लिखा है, 'आपके स्टेडियम में बम विस्फोट होगा।' नीचे लिखा है, 'पाकिस्तान से पंगा मत लो। अपनी सरकार को समझाओ। पाकिस्तान के विश्वसनीय स्लीपर सेल देशभर में हैं। ऑपरेशन सिंदूर के कारण आपके 'अस्पताल' में बम ब्लास्ट हो सकता है।' स्टेडियम की जगह अस्पताल लिखने से माना जा रहा है कि किसी संदेश को कापी-पेस्ट किया है।

## सरोकार

**हमने जिन जिन किताबों को धार्मिक आदेश- उपदेश माना स्वीकार किया हुआ है उनकी ही बताई बात को आधुनिक काल के युग में आचरण को देखने-समझने और विवेचना करने की ज़रूरत है। समाज को जो भी जैसा है आईना दिखलाने की बात है । आज समाज को ऐसा ही आईना दकी ज़रूरत है।**

# दान-धर्म , कर्त्तव्य-आदर्श और नैतिक मूल्यों का यह दिखावा क्यों ?

हमने जिन जिन किताबों को धार्मिक आदेश- उपदेश माना स्वीकार किया हुआ है उनकी ही बताई बात को आधुनिक काल के युग में आचरण को देखने समझने और विवेचना करने समाज को जो भी जैसा है आईना दिखलाने की बात है । कृष्ण बिहारी नूर कहते हैं :चाहे सोने के फ्रेम में जड़ दो/ आईना झूठ बोलता ही नहीं।

अब जो लोग टीआरपी, विज्ञापन या पैसे के लिए काम करते हैं वो सच का आईना नहीं हैं। ये किसी तरह मनचाहे ढंग से छवि बनाने का छल करने वाले आईने हैं जैसे हम सब अजायबघर में देखते आए हैं ।

राजेश रेड्डी जी कहते हैं :न बोलूं सच तो कैसा आईना मैं/ जो बोलूं सच तो चकनाचूर हो जाऊं। सच कहना आसान नहीं है, सच का स्वाद मीठा नहीं होता और कड़वा सच कोई नहीं सुनना चाहता है। शायद ही कोई होगा जिसने राजनेता सरकारी विभाग के कर्मचारी अधिकारी पुलिस के सिपाही से थानेदार दरोगा तक सभी के घूस रिश्वत या कोई काम करने के बदले उपहार की मांग किसी भी रूप में लेने को लेकर देखा नहीं हो । अब कुछ लोगों को हम देख रहे हैं जो किसी भी ढंग से कमाई कर अपनी जेबें भरते थे, अन्याय करते थे, अब नाम शोहरत की खातिर, दानवीर बन कर और अच्छे कर्म करने लगे हैं, प्रचार करवा कहते हैं कि जनता की सहायता कर रहे हैं। ये बिलकुल उसी तरह हे जैसे काली कमाई, झूठ धोखा, व्यवसाय कारोबार में गड़बड़ मिलावट जैसे ही नहीं हर किसी की जान से खिलवाड़ कर ज़हर बेचने तक का कारोबार करने के बाद किसी धार्मिक जगह दान आदि करते हैं। ये मानकर कि उनके पाप अपराध का भार कम हो गया। मगर पापी की पाप की कमाई के दान से वो डाकू से धर्मात्मा बन नहीं जाते। चाहते हैं लोग उनके अधर्मों को नहीं दान देने की चर्चा करें । ये धर्म है ही नहीं जब कोई किसी जगह पाप करता रहता और जाकर माफ़ी मांगता रहता है या फिर पूजा अर्चना करता ही किसी स्वार्थ की चाहत से है।



डॉ लोक सेतिया
स्वतंत्र लेखक

बड़े बड़े धनवान घोषणा करते हैं सरकार को किसी संस्था को या किसी और समय पर दाता बनकर अच्छे काम की। लेकिन इनका ये काम दो कारण से होता है या तो पहले से नाम शोहरत अथवा सरकार से कोई मतलब लेने के बाद या भी देने के बाद उसका कई गुणा पाने की खातिर। वास्तविक दान या अच्छा काम वो होता है जो हम अपनी खून पसीने की कमाई से अपनी ज़रूरत को छोड़ किसी की सहायता करते हैं कठिनाई में। ऐसे अधिकतर दस बीस सौ या हज़ार का दानकर्म को लेकर

> अब जो लोग टीआरपी, विज्ञापन या पैसे के लिए काम करते हैं वो सच का आईना नहीं हैं। ये किसी तरह मनचाहे ढंग से छवि बनाने का छल करने वाले आईने हैं। ये वे आईने हैं जिन्हें हम सब अजायबघर में देखते आए हैं।

कोई शोर नहीं करते न ही बदले में कुछ चाहते हैं । यहां तो जब भी समस्या होती है सरकार का मुखिया जनता से ही मांगता है और लोग देते हैं। सरकार व खर्च को जनता के पैसे से ही नहीं देश के संसाधन को संपत्ति को बेचकर गिरवी रखकर भी शान से रोज़ धन की बर्बादी करते रहना। क्या जब देश की जनता को ज़रूरत है तब भी किसी तरह से उसी से लेकर उसको देने को अपनी महानता बताना उचित है ? कहीं किसी भी धर्म में ऐसा नहीं सबक सिखाया गया । मगर आपको समझाया जाएगा कि ऐसे में बहुत धन की ज़रूरत है, मज़बूरी है तभी जो दे सकते हैं उनसे विनती है और वास्तव में सरकारी विनती आदेश की तरह से होती है जिस को जो भी अधिकारी या नेता कहते हैं नहीं देने पर अंजाम जानते हैं। खुद सत्ता में है तब इनके पास भी सत्ता के अधिकार के उपयोग कर चंदा और जगह जगह ज़मीन जायदाद आलीशान दफ्तर और साधन आ जाते हैं। किस तरह से किस किस से सब को पता है। माजरा लेन देन का है। आपने अपने शासन में जिन लोगों की सेवा की बात और ये जो भी अनुचित होता था उसको बदलने की बात कही थी मगर अपने भी वही किया और पिछली सरकारों से बढ़कर किया।

वास्तव में ये जितने भी धंधे होते हैं, सत्ताधारी नेताओं का हिस्सा होता है भले दो नंबर का। तो राह हो सकती है। आप के पास संसाधन हैं और संसाधन हासिल करने को अधिकार भी है। क्या ऐसा नहीं किया जा सकता कि सरकार किसान की फसल खुद खेत से कटवाने और उसकी कीमत चुकाने का काम करे। जब आप देशभर में हर किसी के घर की जानकारी अपने सरकारी विभाग के कर्मचारी अधिकारी भेजकर कुछ दिन में कागज़ पर लिख सकती है तो अब ज़मीन पर भी काम कर दिखाने का काम किया जाना मुमकिन है। मगर खेद की बात यही है कि सरकार को जनता की सुविधा ज़रूरत के समय कर्तव्य नहीं निभाने। हमारे समाज की धर्म की सरकार की कारोबारी लोगों की समाचार और समाज की वास्तविकता दिखाने वालों की जो असलियत है उसको आदर्श तो हर्गिज़ नहीं कह सकते हैं।

---

## पुस्तक अंश । लेखक डॉ. पवन विजय की किताब 'फ़रवरी नोट्स' का एक अंश प्रस्तुत है।

# मे आई मेक फ्रेंडशिप विद यू ?

**अचानक इनबॉक्स में किसी आरती के नाम का मैसेज देख कर समर चौंका, फिर सहज होकर जवाब दिया, 'यहाँ फेसबुक पर सभी लोग एक- दूसरे के फ्रेंड ही होते हैं। जुकरबर्ग की डिक्शनरी में फ्रेंडशिप के अलावा कोई और रिश्ता ही नहीं है।'**

मे आई मेक फ्रेंडशिप विद यू?'

अचानक इनबॉक्स में किसी आरती के नाम का मैसेज देख कर समर चौंका, फिर सहज होकर जवाब दिया, 'यहाँ फेसबुक पर सभी लोग एक-दूसरे के फ्रेंड ही होते हैं। जुकरबर्ग की डिक्शनरी में फ्रेंडशिप के अलावा कोई और रिश्ता ही नहीं है।'

'फ्रेंडशिप तो एक दायरा है, स्पेस है, जितना स्पेस आप देते हो दोस्ती उतनी गाढ़ी हो जाती है। धीरे-धीरे ये दायरा बढ़ता जाता है और फिर दो लोगों के बीच सारे सुख-दुःख साझे हो जाते हैं, रिश्ता गहराता है... गाढ़ा हो जाता है, मीठा हो जाता है।' थोड़ी देर के बाद जवाब आया।



डॉ. पवन विजय
लेखक

'तुम्हारे कहने का मतलब है कि पहले रिश्ता बनाओ, फिर दोस्तीकरो!' 'बिलकुल सही समझे, मिस्टर ।' 'तुमने तो सारी थ्योरी ही पलट दी।' 'हम तो अइसे ही हैं।' फिर से दो स्माईली। 'अच्छा। इसका मतलब तुमने मुझसे पहले से ही रिश्ता बना रखा है?

बाय द वे यह रिश्ता क्या कहलाता है?' 'है ना, पन्द्रह साल पहले से बनाए रखी हूँ, पर स्पेस अभी तक नहीं मिला, पिछले पन्द्रह सालों से मेरी फ्रेंड रिक्वेस्ट आपके पास पेंडिंग पड़ी है।

थोड़ी सी जगह चाहिए मुझे भी आपके जीवन में और रही बात रिश्ते की तो इस रिश्ते की परिभाषा किसी भी दुनियावी शब्दकोश में नहीं है इसलिए मुझे भी नहीं मालूम। बस एक डोर है जिसके एक सिरे पर मैं हूँ और दूसरा सिरा आपके पास है, पर आपको अहसास नहीं।' आरती ने आत्मविश्वास से जवाब दिया।

'देखो, तुम जो भी हो, बिल्कुल फ़र्ज़ी हो। अभी मुझे फेसबुक यूज़ पाँच साल भी नहीं हुए, तुम पन्द्रह साल की बात करती हो।' समर ने टाइप किया। मुझे पता था कि काग़ज़ में लिखी चिट्ठी आप तक नहीं पहुँचेगी इसलिए मैंने उन्हें लिख हवा में फूँक दिया था। पन्द्रह साल से मेरे अल्फाज़ भटकती रूह बन कभी पत्तों से चिपकते, कभी दीवारों से, आज फेसबुक के इनबॉक्स में चिपक गए हैं।' स्माइली के साथ इनबॉक्स में शब्द उभरे।'तुमने तो मेरे दिमाग का डब्बा ही गोल कर दिया।'

'ये आपके पुराने लक्षण हैं।' फिर वही स्माइली।

समर चैट करते-करते आरती के फेसबुक के टाइमलाइन पर डिटेल लेने की कोशिश करने लगा। हम्म, लड़की इलाहाबाद की है, शादीशुदा है, दिल्ली में रहती है, पब्लिक स्कूल में पढ़ाती है, शायद यह इलाहाबाद की होगी जो इस तरह से मुझसे बात कर रही है, ज़रूर कोई जानने वाली होगी या किसी दुष्ट दोस्त ने एफ़ एम पर मेरी बैंड बजाने की सुपारी इसे दी होगी। 'क्या देख रहे हैं? अबाउट मी? बोलो बोलो।'

'हाँ, तुम कोई फ़र्ज़ी एकाउंट होल्डर हो।'

'हा हा हा, फोन से बात करनी है?' आरती ने अपना नंबर इनबॉक्स में भेज दिया। ओह! अब तो पक्का हो गया कि किसी नालायक दोस्त ने, किसी एफ़एम रेडियो से मुर्गा बनाने या बैंड बजवाने का पूरा इंतज़ाम कर रखा है,समर ने सोचा फिर हिम्मत कर नंबर डायल किया ।

'हेलो! मैं समर बोल रहा हूँ।'

मे आई मेक फ़्रेंडशिप विद यू?' उधर से एक खनकती हुई कविता कृष्णमूर्ति जैसी आवाज़ आई। समर को लगा कि मीठे शहद में थोड़ा-थोड़ा नमक मिले इस स्वर को पहले भी कभी सुना है। उसने तुरंत फोन काट दिया। 'आप बिल्कुल नहीं बदले, बिल्कुल वैसे के वैसे।' स्माइली के साथ यह सन्देश उसके इनबॉक्स में पड़ा था और आरती के चैट बॉक्स की ग्रीन लाइट बंद हो चुकी थी। समर ने फ्रेंड रिक्वेस्ट की लिस्ट देखी तो उसमें आरती की रिक्वेस्ट पड़ी थी। जाने क्यों उसने रिक्वेस्ट को एक्सेप्ट नहीं किया। ऑफ़िस में लंच ख़त्म हो गया था। वह फेसबुक लॉग आउट करके कल होने वाली प्रेजेंटेशन की तैयारी में जुट गया। समर दिल्ली की एक मल्टीनेशनल कम्पनी में काम करता था। थोड़े दिन पहले उसने यह कम्पनी ज्वाइन की। कम्पनी कनॉट प्लेस में थी और वह मॉडल टाउन में रहता था। अभी उसे इलाहाबाद से दिल्ली आए ज़्यादा दिन नहीं हुए लेकिन वह अपनी शेरो-शायरी के कारण ऑफ़िस के साथ- साथ आस-पास भी पहचाना जाने लगा। फेसबुक पर भी उसने अपनी शायरी से अच्छी-ख़ासी चर्चा बटोर रखी थी। यूँ तो तमाम मैसेज उसके पास आया करते थे पर आज का मैसेज उसे अनमना कर गया।

शाम को जब वह ऑफ़िस से घर पहुँचा तो पत्नी ने सूचना दी कि उसकी बहन देहरादून से इलाहाबाद आई हुई है और उसे कुछ दिन के लिए बुलाया है।



'अच्छा मैं कैसे रह पाऊँगा तुम्हारे बिन?' समर ने आँखें नचाकर पूछा।

'देखिए श्रीमानजी, अपनी शादी के दस साल हो गए हैं। अब मेरे बिना रहने की आदत डालो। इधर मैं देख रही हूँ तुमने कुछ ज़्यादा आदत बिगाड़ ली है, सुधर जाओ।' रश्मि ने शरारत से कहा।

'क्या करूँ रश्मि, तुमने ही तो मेरी आदत बिगाड़ी है या सच पूछो तो तुम मेरी आदत बन गई हो। अब अगर तुम कहो तो इस आदत को बदल लेता हूँ पर अगर नई आदत भी तुम्हारे जैसी हुई तो ?' समर लगभग हँसता हुआ बोला।

'अजी क्यों नहीं, पर पहले मेरी बात सुनो। मुझे इलाहाबाद जाना है एक हफ्ते के लिए। मेरा रिज़र्वेशन करा दो और कुछ माल- मुद्रा चाहिए, ख़रीदारी करनी है।'

'मतलब एक हफ्ते मुझे व्रत करना पड़ेगा! खैर, तुम मेरा एटीएम कार्ड ले जाओ, जो ख़रीदना है ख़रीदो और उसे अपने पास ही रखना।'

'एटीएम में पैसे हैं भी कि नहीं?'

'अरे बाबा, चेक कर लेना। तुम्हारे काम भर के पैसे तो हैं ही।'

'ठीक है।' जैसे ही रश्मि जाने लगी, समर ने पीछे से आवाज़ लगाई,

'एक मिनट ज़रा बात सुनती जाओ।'


'हाँ, कहो।'

'अच्छा, जाने दो। फिर कभी कहेंगे। सिद्धू कहाँ है?' समर फ्रेंड रिक्वेस्ट वाली बात बताते-बताते रुक गया।

पार्क में खेलने गया है। आता होगा। आप फ़्रेश हो लीजिए तब तक मैं चाय बनाती हूँ कह कर रश्मि किचन में चाय बनाने चली गई।

रात में प्रेजेंटेशन को फ़ाइनल करने के लिए समर ने लैपटॉप खोला तो अनायास ही उसके दिमाग में आरती की फ्रेंड रिक्वेस्ट घूमने लगी। उसने नेट ऑन किया और फेसबुक लॉगइन करके देखा, रिक्वेस्ट पेंडिंग में थी।

एक बार उसका जी चाहा कि उसे एक्सेप्ट कर ले फिर जाने क्यों उसने रिक्वेस्ट को पेंडिंग में ही रहने दिया और लैपटॉप ऑफ कर सो गया।




> **'जब मैंने तुमसे पूछा था "मे आई मेक फ्रेंडशिप विद यू" । याद करो आज से पन्द्रह साल पहले।'**

सुबह समर रश्मि को एटीएम देकर ऑफ़िस आ गया। प्रेजेंटेशन के दौरान उसका ध्यान पेंडिंग रिक्वेस्ट पर लगा रहा। प्रेजेंटेशन के तुरंत बाद बिना लंच किए उसने मैसेज बॉक्स खोला। पहला ही मैसेज आरती का था।

'मैंने परेशान किया, सॉरी। पूरे टाइम तुम मेरे बारे में ही सोचते रहे। है ना?'

'हाँ, पर तुमने अपने बारे में बताया नहीं। तुम इलाहाबाद से हो, यहाँ रोहिणी में रहती हो, किसी स्कूल में पढ़ाती हो, दो बच्चे हैं, तुम्हारे हस्बैंड बिज़नेसमैन हैं पर तुम मेरे बारे में कैसे जानती हो और एकदम पर्सनली बात कर रही हो।' समर ने जल्दी-जल्दी मैसेज टाइप किया।

'अरे, जब पर्सनली जानते हैं तो पर्सनली ही बात करेंगे न?'

'लेकिन मैं तो तुम्हें नहीं जानता।'

तो इसमें मेरी क्या गलती है?'

'पहेली न बुझाओ। साफ-साफ बताओ नहीं तो मैं तुम्हें ब्लॉक कर दूँगा।'

'कर दो। तुम कितने क्रूर हो, ये मुझे पहले से ही पता है। पन्द्रह साल पहले तुमने रियल लाइफ़ में मुझे ब्लॉक कर दिया था। तब से अब तक मैं ब्लॉक ही हूँ। कभी मेरे बारे में तुम्हें ख़याल आना दूर, ख़याल का भी ख़याल नहीं आया। आई वाज़ ब्लॉक्ड बाए यू, मिस्टर समर ।'

'कब किया?'

'जब मैंने तुमसे पूछा था "मे आई मेक फ्रेंडशिप विद यू" । याद करो आज से पन्द्रह साल पहले।'

'ओह, हाँ याद आया। ये शब्द तो आज भी याद हैं मुझे, पर माफ़ करना न तो चेहरा याद है और नाम तो तुमने अपना बताया ही नहीं था, न मैंने पूछा था।' समर ने पुरानी यादों में गोते लगाते हुए लिखा।

'ओह, शुक्र है कि याद तो है... तो मिस्टर अब आपका जवाब क्या है? मुझसे दोस्ती करोगे?'

'लेकिन तुमने तो कहा था कि दोस्ती जैसी चीज़ का अपना कोई स्वतन्त्र अस्तित्व ही नहीं होता है। पहले कोई रिश्ता बनाओ फिर उसमें दोस्ती ढूँढ़ो। जब हमारा तुम्हारा कोई रिश्ता ही नहीं तो दोस्ती होने का सवाल ही नहीं उठता।' समर ने लिखा। 'अरे, गज़ब के आदमी हो। शुरू की चैट देखो। पिछले पन्द्रह सालों से रिश्ता है हमारा। अब मैं उसमें दोस्ती ढूँढ़ रही क्योंकि मुझे पता है कि इस रिश्ते की जो परिभाषा मैंने दी है वह तुम्हारे शब्दकोश में नहीं है। उधर से जवाब आया।

'कौन से रिश्ते की बात कर रही हो तुम?' समर का हाथ की बोर्ड पर पहली बार लड़खड़ाया। वह मैसेंजर में कुछ लिख कर डिलीट करने लगा।

'तुम्हारा हाथ लड़खड़ा रहा है, समर बाबू। उस समय तुम्हारी आवाज़ और कदम दोनों लड़खड़ाए थे।'

'अजीब लड़की है, ज़बरदस्ती रिश्ता जोड़ रही। ये जो मेरी लड़खड़ाहट है, यह इस बात का संकेत होती है कि अब संभलने का वक्त है। उस समय भी मैं संभल गया था अब भी संभल जाऊँगा, नहीं तो तमाम लोग बिना लड़खड़ाए ही गिर जाते हैं।'

'समर बाबू, आपने कभी झरने को देखा?'

'हाँ देखा है।'

'कितने सौन्दर्य और गति के साथ नीचे गिरता है। है ना? आपने और आपके समाज ने उठने को बहुत ग्लोरीफ़ाई कर रखा है। आप सभी लोग गिरने के आनंद और सौन्दर्य से हमेशा वंचित रहे। मज़े की बात तो यह है कि इस वंचना को कितना महान और पुण्य का अक्षय स्रोत बनाकर प्रस्तुत किया जाता है। गिरने और उठने को खाँचों में बाँटकर आपने जाने कितने लोगों को उनके इस अधिकार को भोगने नहीं दिया। समर, तुम तो इतने जड़ बुद्धि वाले तो नहीं थे। हाँ याद आया, रहे हो मुझे लेकर, बाकी मैंने तुम्हारे लिखे एक-एक शब्द और उनके अक्षरों को पढ़ा है दुनिया को रौशनी देने वाले दिए के नीचे कितना अँधेरा है, कितना घना अँधेरा है।'

'आरती! हाँ, यही नाम है न तुम्हारा, सुनो मेरी बात। तुम क्या चाहती हो मुझे नहीं पता या मैं जानना ही नहीं चाहता पर जो मेरे बारे में तुमने अनुमान लगाया, मैं वैसा हूँ नहीं। अगर तुमने मुझे पढ़ा है तो तुम यह महसूस क्यों न कर सकीं?'

'अगर मैंने महसूस न किया होता तो आज ढूँढ़ न पाती और न ही तुमसे बात करने का विश्वास जुटा पाती, मेरे सरकार, लेकिन आप के दिल तक कोई भी बात पहुँचेगी कैसे? आपने तो जैमर लगा रखा है अपने दिल पर और दिमाग के बाहर एक पहरेदार बिठा रखा है। जैमर मेरी बात आपके दिल को छूने से पहले रोक देता है और दिमाग में घुसने की हिम्मत करूँ तो पहरेदार वापस मुझे फेंक देता है। किस विधि मिलना होय? एक बार मुझे अपने दिल में एंट्री दे दो फिर अगर मेरी बात से तुम सहमत न हो तो बेशक निकाल के दूर फेंक देना या मैं ख़ुद-ब-खुद निकल जाऊँगी हमेशा-हमेशा के लिए। बोलो मंज़र... अब इतना भी न सोचो ऑफ़र बढ़िया है। तिबारा नहीं मिलेगा।'

इतने में मोबाइल की घंटी बजने लगी। रश्मि कॉल पर थी। 'आज घर जल्दी आ जाना। तुम्हारे ज़्यादा पैसे मैंने ख़र्च नहीं किए। आते हुए कोई एक सब्ज़ी ले आना और साथ में दूध का पैकेट भी । और हाँ सुनो, पाँच मिनट पहले फोन कर देना, चाय चढ़ा दूँगी।'

'ठीक है, कर दूँगा।' कह कर समर ने फोन काट दिया।

'साहब, दफ़्तर बढ़ाने का टैम होइ गवा है।' चपरासी की आवाज़ से समर की मानो तंद्रा टूटी। जल्दी-जल्दी वह टाइप करने लगा, 'देखो अभी मैं चलता हूँ, तुमसे फिर बात करता हूँ बाय।'

'ठीक है, मिलते हैं। मैं इंतज़ार करूँगी।'

हाँ ठीक। एक बात, प्रोफ़ाइल पिक माधुरी दीक्षित की जगह ख़ुद की लगाओ। ऐसा लगता है जैसे माधुरी से बात कर रहा हूँ।' समर ने जाते-जाते दो स्माइली धर दिए और बिना आरती के जवाब का इंतज़ार किए कंप्यूटर ऑफ कर दिया।

रश्मि ने इलाहाबाद जाने की तैयारी कर ली थी। चाय पीते हुए उसने पूछा, 'मेरा रिज़र्वेशन हो गया?'

'अरे, मैं भूल गया।'

'क्यों? ऑफ़िस में व्यस्तता ज़्यादा थी क्या?'

'हाँ, नहीं... अरे... वो एक उलझन के चक्कर में पड़ गया था। ख़ैर, आज ही तत्काल में करा देता हूँ। तुम चिंता मत करो।'

'मुझे जाने की चिंता नहीं बल्कि मुझे उस उलझन की चिंता है जिसके चक्कर में तुम पड़ गए हो।' रश्मि ने आँखें नचाकर कहा।

'तुम्हारे रहते कोई और उलझन की मजाल क्या जो मेरे पास फटक भी सके, अब तुम जा रही हो तो उलझनें भी आने लगी हैं।'

'मतलब पिटना है।' रश्मि ने समर की पीठ पर एक धौल जमाया।

'इसी अदा पर तो हम निसार हुए जाते हैं, जानेमन।' समर हँसते हुए बोला।

रश्मि भी मुस्कुराते हुए समर को चाय देने लगी। इतने में सिद्धू आ गया और दोनों उसके साथ खेलने लगे।

(प्रकाशक : मंजुल कथाकार, मंजुल पब्लिशिंग हाउस का इम्प्रिंट)

### विभागों के कार्य भी समानांतर रूप से रहें जारी, जिलों को दी गई केंद्र सरकार के निर्देशों की जानकारी

# अधिकारी अलर्ट रहें, नागरिक सेवाओं को करें सुनिश्चित : सीएम

**संवाददाता ● भोपाल**

**बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय परिस्थितियों और वर्तमान परिदृश्य के दृष्टिगत एक उच्च स्तरीय बैठक कर वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ सुरक्षा प्रबंधों पर गहन चर्चा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जिलों के कलेक्टर्स और पुलिस अधीक्षकों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए। शुक्रवार प्रातः भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में चर्चा कर निर्देश दिए थे। प्रदेश के मैदानी अधिकारियों के साथ शाम को हुई बैठक में विभिन्न प्राथमिकताओं पर चर्चा की। बैठक में भारत सरकार से प्राप्त विस्तृत दिशा-निर्देशों की जानकारी से जिलों को अवगत करवाया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहें। अधिकारी मैदान में दिखें। जनप्रतिनिधियों को भी विश्वास में लिया जाए और आवश्यक जनसहयोग प्राप्त किया जाए। आवश्यक सेवाओं को बनाए रखने में भी वॉलिंटियर्स का आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में रिटायर्ड फौजियों सहित सामाजिक कार्यों से जुड़े वॉलिंटियर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। अपराधियों के साथ किसी तरह की नरमी नहीं बरती जाए। घटना घटित होने के पूर्व आवश्यक सावधानी बरती जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए कि नागरिकों के लिए आवश्यक सेवाएं भी समानांतर रूप से प्रदान करने का कार्य होता रहे। समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में हुई बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के अलावा जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष कार्य करेंगे। सभी नियंत्रण कक्ष वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप संचालित होंगे। फायर ब्रिगेड सेवाएं, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली की सप्लाई, पेयजल व्यवस्था नियमित रूप से बनी रहे, यह सुनिश्चित किया जाएगा।



## एनएच 52 पर बस और डंपर की टक्कर

मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 52 पर देर रात दो बजे एक यात्री बस और डंपर की टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर मक्सी थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल तत्काल मौके पर पहुंचे। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। घायलों को 108 एंबुलेंस, मक्सी टोल प्लाजा की एंबुलेंस और डायल 100 एफआरवी वाहन की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, कमला ट्रैवल्स की बस इंदौर से गुना की ओर जा रही थी। इस दौरान मक्सी थाना क्षेत्र के सिरोलिया ब्रिज के पास सामने से आ रहे डंपर से बस टकरा गई और करीब 30 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में बस और डंपर चालक के साथ ही एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, 16 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें तीन को गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों का उपचार जिला अस्पताल शाजापुर में किया जा रहा है।

## सभी जिलों में की जाएगी मॉक ड्रिल, भ्रामक कंटेंट पर होगी सख्त कार्रवाई

बैठक में निर्देशित किया गया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक कंटेंट भेजने वालों के विरुद्ध कार्रवाई होगी। वरिष्ठ अधिकारी अवकाश पर नहीं जाएंगे। सभी जिलों में इमरजेंसी सेवाएं सुनिश्चित करते हुए सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा के संबंध में भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन का कार्य होगा। बैठक में जानकारी दी गई कि आवश्यक सायरन की व्यवस्था भी जिलों में रहेगी। निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरुप नागरिकों को सुरक्षा के लिए सजग किया जा रहा है। आवश्यकता के अनुसार वॉलिंटियर्स एवं नागरिकों को प्रशिक्षित करने का कार्य भी किया जाएगा। जिलों में मॉक ड्रिल भी समय-समय पर होगी और रात्रि गश्त पुलिस की ओर से निरंतर होगी।बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय कुमार शुक्ल, अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग संजय दुबे, होमगार्ड महानिदेशक अरविंद कुमार, एडीजी इंटेलीजेंस ए. साई मनोहर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## शॉट न्यूज

### ग्वालियर के ट्रांसपोर्ट नगर में आग, दहशत

**ग्वालियर**। ग्वालियर में शॉर्ट सर्किट से एक कबाड़े के गोदाम में आग लग गई। घटना बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में शुक्रवार रात की है। घटना का पता चलते ही दमकल अमले के साथ ही पुलिस और स्थानीय लोग आग बुझाने में जुट गए। प्लास्टिक में आग लगने के कारण लगातार फैलती जा रही थी। आग पर काबू करने के लिए दमकल की चार फायर ब्रिगेड लगाई गई, लेकिन देर रात तक दमकल अमला आग बुझाने में लगा रहा। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर 80 फीसदी काबू पाया जा सका है। सीएसपी किरण अहिरवार ने बताया कि जैन कारोबारी का गोदाम है। गोदाम में शुक्रवार रात अचानक आग लग गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आग तेजी से फैल रही थी और सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने आस-पास की दुकानों के साथ ही घरों में सावधानी के चलते बाहर निकाल लिया और बचाव में जुट गए।

### ग्वालियर न.निगम का नया घोटाला उजागर

**ग्वालियर**। नगर निगम में पैसा लेकर जमा नहीं करने का नया मामला उजागर हुआ है। यह सिलसिला 3 वर्ष से चल रहा है। निगम के अधिकारी लिफ्ट की एनओसी देने संचालकों से राशि लेकर निगम के खाते में जमा नहीं कर रहे हैं। ये खुलासा तब हुआ जब लिफ्ट की व्यवस्था दूसरे अधिकारियों के हाथ में पहुंची। उन्होंने 318 लिफ्ट और 2 एस्केलेटर की एनओसी देने के एवज में 1.60 लाख रुपए की राशि वित्त विभाग में पहुंचाई। तब पता चला कि साल 2024-25 की राशि जमा नहीं है। इसके बाद वित्त की अपर आयुक्त ने अपर आयुक्त मुनीष सिकरवार को पत्र भेजा। इसके बाद उन्होंने लिफ्ट एनओसी की व्यवस्था संभाल चुके तत्कालीन उपायुक्त डा.अतिबल सिंह यादव को पत्र भेजकर डिटेल में जानकारी मांगी है। पूर्व में लिफ्ट की व्यवस्था डॉ. अतिबल सिंह देख रहे थे। उनको संविदा पर नियुक्ति दी गई थी।

### डंपर की टक्कर से बस खाई में गिरी

**शाजापुर**। आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर शाजापुर से 28 किलोमीटर दूर मक्सी बायपास पर डंपर ने यात्री बस को टक्कर मार दी। इसके बाद बस 30 फीट गहरी खाई में जा गिरी। बस इंदौर से गुना जा रही थी। हादसे में बस ड्राइवर गुलाब सिंह निवासी गुना, यात्री अमन चौरसिया (24) पिता विमल चौरसिया निवासी महू और डंपर चालक भेरूलाल निवासी बंजारी थाना अवंतीपुर बडोदिया की मौत हो गई। बस कमला ट्रेवल्स की बताई जा रही है। यशपाल सिंह राजपूत ने बताया कि हादसे में 18 यात्री घायल हुए हैं। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस और डायल 100 की मदद से जिला अस्पताल लाया गया है। तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार यह हादसा रात करीब 2:30 बजे हुआ। बस इंदौर से गुना जा रही थी। मक्सी बायपास के सिरोलिया क्रॉसिंग पर ब्रिज के टर्निंग पॉइंट पर डंपर से टक्कर हो गई।

# जबलपुर में जीपीएस ट्रैकर के साथ पकड़ाई अमेरिकी महिला, हाई अलर्ट

**संवाददाता ● जबलपुर**

**सुरक्षा**

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट पर अमेरिकी महिला के पास प्रतिबंधित जीपीएस डिवाइस मिलने से हड़कंप मच गया। सीआईएसएफ के जवानों ने सुरक्षा जांच के दौरान अमेरिकी महिला के पास से जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस बरामद किया है। डिवाइस जब्त करने के बाद महिला को खमरिया पुलिस के हवाले कर दिया गया, जहां पूछताछ के बाद महिला की फ्लाइट और बुजुर्ग होने के चलते डिवाइस जब्त करते हुए छोड़ दिया गया। इस घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 62 वर्षीय अमेरिकी नागरिक एंजिला, जो अमेरिका के केन्सास की रहने वाली हैं, बांधवगढ़ नेशनल पार्क की यात्रा पर आई थीं। यात्रा के बाद वह दिल्ली होते हुए अमेरिका लौट रही थीं। जब डुमना एयरपोर्ट पर उनके सामान की जांच की गई, तो सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ कर्मियों को उनके पास एक संदिग्ध इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस मिला, जो जांच में जीपीएस ट्रैकिंग उपकरण निकला। सीआईएसएफ ने तुरंत महिला से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि यह डिवाइस उन्हें उनके परिवार ने उनकी सुरक्षा के लिए दिया था और उन्हें इसकी भारतीय प्रतिबंध नीति की जानकारी नहीं थी। महिला ने यह भी बताया कि वह पहली बार भारत आई थीं और डिवाइस केवल व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए इस्तेमाल हो रहा था। महिला की उम्र और उनके अगले इंटरनेशनल फ्लाइट को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने उन्हें चेतावनी देते हुए छोड़ दिया, लेकिन डिवाइस को जब्त कर लिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही रांझी सीएसपी सतीश कुमार साहू अपनी टीम के साथ एयरपोर्ट पहुंचे और जांच शुरू की।



### सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

इस घटना ने एक अहम सवाल खड़ा कर दिया है कि जब महिला पहले दिल्ली एयरपोर्ट से होते हुए जबलपुर आईं और फिर बांधवगढ़ तक गईं, तो इतनी लंबी यात्रा के दौरान यह डिवाइस पहले क्यों नहीं पकड़ा गया। इससे एयरपोर्ट और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की सतर्कता पर सवाल उठने लगे हैं। सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि बिना अनुमति इस तरह का डिवाइस भारत लाना और उपयोग करना बेहद गंभीर मामला है, जो भविष्य में सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी है।

### पाकिस्तान पर हमले को लेकर दिग्विजय सिंह का बड़ा बयान

**बोले- 'आतंकियों के जनाजे'**

**भोपाल**। पहलगाम हमले के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को तबाह करने के भारतीय सेना के पराक्रम की हर कोई तारीफ कर रहा है। इस बीच मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह का भी बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने भारतीय सेना की तारीफ करते हुए ये भी कहा कि अब ये साबित हो गया है कि पाकिस्तान आतंकवाद का समर्थन करता है। मीडिया से बातचीत करते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा, 'पहलगाम में जो हमला हुआ उसमें जांच की जा रही है कि क्या कारण रहे कि वहां सुरक्षा नहीं थी, लेकिन अब भारतीय सेना ने चिन्हित करके बिना नागरिकों को निशाना बनाए जो आतंकी ठिकानों पर हमला किया है उसके लिए हम सेना को बधाई देते हैं। हमें हमारी सेना पर गर्व है।' उन्होंने आगे कहा, 'आतंकवादियों के जो अड्डे थे वहां आतंकी अजहर मसूद के परिवार के लोग मारे गए और उनके जनाजे में सेना और पुलिस के शामिल थे, इससे ये साबित होता है कि आतंकवादियों के समर्थन में वो लोग खड़े हुए थे।' चीन और तुर्किए द्वारा पाकिस्तान का समर्थन करने के सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया इस बात को देख रही है। दिग्विजय सिंह के अलावा मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जीतू पटवारी ने कहा, 'सीमा पर हमारे जवान पाकिस्तान को जवाब दे रहे हैं। पहलगाम में जो हमला किया गया देश का एक-एक नागरिक उसके खिलाफ है। इसके बाद पाकिस्तान समेत पूरी दुनिया को ये समझ आ गया कि हिंदुस्तान की जो हिंदु, मुस्लिम, सिख, इसाई की जो मूल भावना है वो इस घटना से पूरी दुनिया ने देखी है।' उन्होंने कहा, देश का हर एक नागरिक वो किसी भी धर्म, जाति और संप्रदाय का हो वो सेना के साथ खड़ा है।

### मोबाइल जब्त कर डाटा की जांच जारी

# पाक को खबर देने वाले भेदिये पकड़ाए

**आर्मी कैंपस का बना रहे थे वीडियो**



**संवाददाता ● जबलपुर**

**सुरक्षा**

भारत-पाकिस्तान के बीच टेंशन और ऑपरेशन सिंदूर के बीच मध्य प्रदेश के जबलपुर में सेना के सेंट्रल कमांड की जासूसी का बड़ा मामला सामने आया है। यहां मिलिट्री कैंपस में समुदाय विशेष के दो युवकों को संदिग्ध परिस्थिति में पकड़ा गया है। यह दोनों युवक कैंपस में फोटो और वीडियो बना रहे थे। मिलिट्री इंटेलिजेंस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आशंका जताई जा रही है कि पकड़े गए दोनों युवक देश दुश्मनों के इशारे पर कैंपस में घुसे थे और फोटो और वीडियो बनाकर उन्हें भेज रहे थे।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद जुबेर (22) निवासी आयशा नगर और मोहम्मद इरफान (32) निवासी आनंद नगर के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक यह दोनों युवक गोरा बाजार थाना क्षेत्र स्थित मिलिट्री इंटेलिजेंस (एमआई) से जुड़े एक सैन्य ठिकाने में घुसे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए सेना ने इन दोनों आरोपियों के मोबाइल फोन कब्जे में लेकर डेटा रिकवरी के लिए फोरेंसिक लैब भेज दिया है। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को भी दी गई है। हालांकि पुलिस इस संबंध में कोई भी बयान देने से बच रही है। जानकारी के अनुसार मिलिट्री इंटेलिजेंस से जुड़े इस संवेदनशील इलाके में तैनात सुरक्षा गाड्र्स ने गश्त के दौरान दोनों आरोपियों को पकड़ा है। उस समय यह दोनों आरोपी अलग अलग दिशा में फोटो और वीडियो बना रहे थे। गाड्र्स ने उन्हें रोककर पूछताछ की। इस दौरान संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर गाड्र्स ने दोनों को मिलिट्री इंटेलिजेंस के हवाल कर दिया। उसके बाद से सेना के अफसर आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं। दोनों आरोपियों के फोन कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दिए गए हैं।

# महाकाल मंदिर में भस्म आरती में सबको नहीं मिलेगी एंट्री

**संवाददाता ● उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में जल्द ही सुरक्षा की दृष्टि से सुबह 4 बजे होने वाली भस्म आरती में श्रद्धालुओं की संख्या को सीमित किया जाएगा। साथ ही मंदिर में दान में आने वाले कीमती वस्तुओं की जांच के लिए स्वर्ण-रजत टंच टेस्टिंग मशीन लगाई जाएगी। इसके अलावा भी महाकालेश्वर प्रबंध समिति ने कई फैसले लिए हैं। यह जानकारी श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति के अध्यक्ष और उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बैठक के दौरान दी। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभागृह सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन, कोठी रोड उज्जैन में आयोजित हुई। इसमें महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष और डीएम रोशन कुमार सिंह ने बताया कि श्री महाकालेश्वर मंदिर की व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रखने के लिए प्रशासकीय विषयों पर चर्चा की गई थी, जिसमें मंदिर की ओर आने वाले सभी मार्गों से मंदिर में प्रवेश किए जाने वाले स्थल पर सुरक्षा को को देखते हुए आर्नामेंटल गेट का निर्माण करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही महाकालेश्वर मंदिर में संचालित होने वाले लड्डू निर्माण, अन्य क्षेत्र की नई निविदा निकालने को लेकर भी कलेक्टर ने आदेश दिया है। इस दौरान और भी मुद्दो पर प्रभावी निर्णय लिए गए। महाकालेश्वर मंदिर को दान में प्राप्त ई-कार्ट के लिए पार्किंग स्थल एवं चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। भंडार सामग्री नियमानुसार नीलाम करने का अनुमोदन किया गया।



**लगाई जाएगी टेस्टिंग मशीन-** इसके अलावा मंदिर में मिलने वाली कीमती दान की जांच के लिए स्वर्ण, रजत, टंच टेस्टिंग मशीन लगवाई जाएगी। नगर पालिक निगम ने इस दौरान गीता भवन की स्थापना के लिए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा बनाए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। मंदिर प्रबंध समिति ने कर्मचारियों के स्थगित साप्ताहिक अवकाश का नकदीकरण और श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अंतर्गत कर्मचारियों को महंगाई भत्ता जनवरी 2024 से अक्टूबर 2024 तक की राशि भुगतान किये जाने का निर्णय लिया।

# भोपाल में लोक अदालत का शुभारंभ

**संवाददाता ● भोपाल**

राजधानी की जिला अदालत में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्ज्वलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव और न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुनीत अग्रवाल ने बताया कि इस बार नेशनल लोक अदालत में 60 खंडपीठ गठित की गई हैं। इसमें 1,63,428 मामले निराकरण के लिए रखे गए हैं।



**प्रीलिटिगेशन प्रकरणों पर 30 प्रतिशत की छूट** - विद्युत से संबंधित प्रकरणों में ऊर्जा विभाग के निर्देशानुसार आंकलित सिविल दायित्व की राशि 10 लाख रुपए तक की छूट है। प्रीलिटिगेशन प्रकरणों पर 30 प्रतिशत एवं लिटिगेशन प्रकरणों पर 20 प्रतिशत छूट है। साथ ही आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 16 प्रतिशत की दर से लगने वाले चक्रवृद्धि ब्याज में 100 प्रतिशत छूट दी जा रही है।

**नगर निगम भी लोक अदालत में छूट प्रदान कर रहा** - सुनीत अग्रवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण का निराकरण होने से संपूर्ण कोर्ट फीस वापसी होती है। साथ ही पक्षकारों के मध्य आपसी सहमति से सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रकरण का निराकरण होने से समय व धन की बचत भी होती है। नगर निगम से जुड़े प्रकरणों में भी लोक अदालत छूट दे रही है।

### कड़ी सुरक्षा के बीच ग्वालियर एयरपोर्ट खोला गया

# महिला बीजेपी कार्यकर्ता करेंगी सिंदूर खेला

**संवाददाता ● भोपाल**

**विरोध**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की तरफ से जवाबी कार्रवाई जारी है। मध्यप्रदेश में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर जश्न और पाकिस्तान का विरोध लगातार हो रहा है। बॉर्डर पर तैनात जवानों के लिए दुआ और पूजा-पाठ की जा रही है। भोपाल में शाम 5 बजे न्यू मार्केट में बीजेपी महिला कार्यकर्ताओं ने सिंदूर खेला का आयोजन किया है। ग्वालियर का राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट शनिवार से यात्रियों के लिए खोल दिया गया। 6-7 मई की दरमियानी रात ऑपरेशन सिंदूर के बाद से इस एयरपोर्ट को यात्री फ्लाइट के लिए बंद कर दिया गया था। हालांकि एयरपोर्ट के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। एयरपोर्ट तक सिर्फ टिकट ले चुके यात्री ही पहुंच सकते हैं। देवास में एक्स मेन वेलफेयर सोसाइटी के पूर्व सैन्य अधिकारियों ने एमजी रोड स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। पूर्व सैनिकों ने जवानों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना की। भारत-पाक में तनाव के बीच सीहोर के कुबेरेश्वर धाम के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने झारखंड में आयोजित होने वाली श्री शिव पुराण कथा को रद्द कर दिया है। यह कथा 13 से 17 मई तक रांची-गुमला फोरलेन स्थित बाबा चरैया नाथ धाम, ग्राम मुर्मू में दोपहर 1 से 4 बजे तक होने वाली थी।



# 'ब्यूटी विथ ब्रेन' की मिसाल बनीं ये साउथ एक्ट्रेस, जीती हैं सिंपल जिंदगी

## कई सुपरस्टार संग दे चुकी हिट फिल्में



कोयंबटूर, तमिलनाडु में जन्मी साई पल्लवी सेंथमारई कन्नन एक बडगा परिवार से हैं। उनकी एक छोटी बहन पूजा कन्नन है, जिन्होंने एक अभिनेत्री के रूप में काम किया है। वहीं नितेश तिवारी की 'रामायण' में माता सीता की भूमिका में नजर आने वाली साई एक भारतीय अभिनेत्री हैं जो मुख्य रूप से तेलुगु और तमिल फिल्मों में काम करती हैं। उन्हें चुनौतीपूर्ण महिलाओं के किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। उन्हें कई पुरस्कार मिले हैं, जिनमें छह फिल्मफेयर अवार्ड साउथ और दो SIIMA अवार्ड शामिल हैं। साई पल्लवी साउथ फिल्म इंडस्ट्री की हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस में से एक हैं। उनका नाम फोर्ब्स मैगजीन में भी आ चुका है। एक्ट्रेस को सफलता 2015 की मलयालम फिल्म 'प्रेमम' में मलार के रूप में मिली। मेडिकल की छात्रा रही साई पल्लवी को इसके बाद कई फिल्मों के ऑफर मिले। 2017 में, उन्होंने 'फिदा' के साथ तेलुगु सिनेमा में कदम रखा, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री तेलुगु के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार जीता। साई पल्लवी का पालन-पोषण और शिक्षा कोयंबटूर में हुआ। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा एविला कॉन्वेंट स्कूल से की। 2016 में त्बिलिसी स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी से अपनी मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बावजूद, जिसे मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त है। उन्होंने अभी तक भारत में मेडिकल प्रैक्टिशनर के रूप में पंजीकरण नहीं कराया है। एक्ट्रेस ने 31 अगस्त 2020 को त्रिची में अपनी विदेशी मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा (FMGE) दी। बडागा के अलावा, साई पल्लवी तमिल, अंग्रेजी, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और जॉर्जियाई भाषा में पारंगत हैं। एक्ट्रेस ने बताया था कि कोई ट्रेंड डांसर नहीं थी। लेकिन, वह हमेशा कुछ ऐसा करना चाहती थी, जिसमें डांस करने का मौका मिले। उन्होंने स्कूल में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया और फिर 2008 में विजय टीवी पर डांस रियलिटी शो 'उंगलिल यार अदुथा प्रभु देवा' में भाग लिया और 2009 में ईटीवी पर 'धी अल्टीमेट' डांस शो (डी 4) में फाइनलिस्ट रहीं। पल्लवी 'कस्तूरी मान' (2005) और 'धाम धूम' (2008) में एक जूनियर कलाकार के रूप में बिना श्रेय की भूमिकाओं में दिखाई दीं और कुछ विज्ञापनों में भी दिखाई दीं। पल्लवी ने साल 2005 में आई फिल्म 'कस्तुरी मान' से डेब्यू किया था।

# स्वरा भास्कर ने युद्ध को बताया प्रोपेगैंडा



एक्ट्रेस स्वरा भास्कर अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात बन गए हैं। इसे लेकर स्वरा ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ ऐसा शेयर किया, जिसके बाद वो लोगों के निशाने पर आ गईं। दरअसल, एक्ट्रेस ने राइटर जॉर्ज ऑरवेल का एक कोट शेयर करके वॉर को प्रोपेगैंडा बताया है। स्वरा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में राइटर जॉर्ज ऑरवेल की फोटो के साथ उनका कोट शेयर किया है। उसमें लिखा है- 'हर युद्ध प्रोपेगैंडा है। सारी चीख-पुकार, झूठ और नफरत उन लोगों से आती है, जो युद्ध नहीं कर रहे होते हैं।' इसके अलावा स्वरा ने कुछ और पोस्ट भी शेयर किए हैं, जिनमें युद्ध की विभीषिका की बात हो रही है। पोस्ट में लिखा है- 'जो लोग वॉर चाहते हैं, एक नजर अपनी फैमिली को देखे और डिसाइड करे कि वो किसे खोना चाहते हैं। अगर हम युद्ध में जाएंगे तो ये सिर्फ बॉर्डर तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि आपके घर के बाहर लड़ा जाएगा।' स्वरा ने हैदराबाद के कराची बेकरी पर तिरंगा लगाने वाली खबर को भी शेयर करके अपना विचारा साझा किया है। वो लिखती हैं- 'इस मूर्खता का कब अंत होगा? हम हिंदू सिंधियों को उनकी जड़ों (पहचान) के लिए सजा दे रहे हैं। क्या आप ऐसी चीज सोच सकते हैं, जो एक ही साथ नीच और मूर्खतापूर्ण हो।' स्वरा के पोस्ट को लोगों का मिलाजुला रिएक्शन मिल रहा है। कुछ यूजर्स को उनकी बात अच्छी नहीं लगी तो वहीं कुछ यूजर्स उन्हें सपोर्ट कर रहे हैं।

# भारत-पाक तनाव के बीच श्रेया घोषाल ने मुंबई कॉन्सर्ट किया स्थगित

## बोलीं- 'हम और मजबूत होकर..'



पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने आतंकियों पर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए जवाबी कार्रवाई की। उसी के बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और भारतीय सेना उनके सभी सैन्य उपकरणों को विफल कर रहा है। इसी तनाव को देखते हुए कई बड़े समारोहों को स्थगित किया जा रहा है। अब मशहूर गायिका श्रेया घोषाल ने भी अपना म्यूजिक कॉन्सर्ट स्थगित कर दिया है, जिसकी जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर दी है। इसके साथ ही सिंगर ने लोगों से एकजुट रहने की अपील की है। गायिका श्रेया घोषाल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक नोट शेयर किया है। उसमें उन्होंने अपने फैंस को लिखा कि भारी मन से कहना पड़ा रहा है कि 10 मई को मुंबई में आयोजित होने वाला संगीत कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।आपको बताते चलें कि यह शो मुंबई के जियो वर्ल्ड गार्डन, बीकेसी में होने वाला था, जो ऑल हार्ट्स टूर का हिस्सा था। आगे शो के बारे में बताते हुए गायिका ने लिखा, मैं वादा करती हूं कि यह रद्द नहीं किया गया है, बस स्थगित हुआ है। हम जल्द ही फिर से मिलेंगे, पहले से कहीं ज्यादा मजबूत और एकजुट होकर। जल्द ही नई तारीख की घोषणा की जाएगी, और खरीदे गए सभी टिकट आने वाले कॉन्सर्ट के लिए वैध रहेंगे।' भारत-पाक तनाव को लेकर श्रेया घोषाल ने संदेश दिया। उन्होंने कहा, 'यह कॉन्सर्ट मेरे लिए दुनिया का मतलब है और मैं आप सभी के साथ एक शानदार शाम साझा करने के लिए उत्सुक थी।

# सुपरस्टार्स को बूढ़ा कहना आसान है मगर बॉक्स ऑफिस वही लेकर आते हैं



**बोलीं अमीषा पटेल**

बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल अपने बेबाक अंदाज को लेकर हमेशा चर्चे में रहती हैं। पिछले काफी समय से बड़े पर्दे पर अमीषा को उनके फैंस देखना चाहते थे। हालांकि उनका इंतजार एक्ट्रेस ने फिल्म 'गदर 2' से खत्म किया। अमीषा को भी एक लंबे समय के बाद बॉक्स ऑफिस पर सक्सेस हासिल हुई जिसे उन्होंने काफी एन्जॉय भी किया। हाल ही में अमीषा ने इंडिया बताया की जिसमें उन्होंने बॉलीवुड के कई विवादित मुद्दों पर बात की। एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री में पे-चैक भारी फर्क और फिल्मों के आसमान छूते बजट पर अपनी राय रखी। अमीषा का मानना है कि पे-चेक में फर्क थोड़ा कम होना चाहिए। एक्ट्रेस ने कहा, 'एक्टर्स और एक्ट्रेसेज की फीस में ये जो गैप है, वो थोड़ा कम जरूर होना चाहिए। लेकिन ये बात भी आपको माननी पड़ेगी कि एक हीरो ही बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई लेकर आता है। मगर हां, ये जो इतना फर्क है, उसमें थोड़ी कमी आनी चाहिए।' अमीषा ने आगे फिल्मों के बढ़ते बजट पर भी अपनी चिंता जाहिर की। एक्ट्रेस का कहना है कि एक्टर्स अपनी फीस की डिमांड पर थोड़ा ध्यान दें ताकि फिल्म पर कोई भारी असर ना पड़े। उन्होंने कहा, 'एक्टर्स को अपनी फीस कम करने की जरूरत है क्योंकि आज के समय में एक फिल्म को बनाना काफी महंगा हो गया है। कभी-कभी एक एक्टर की फीस इतनी ज्यादा होती है, कि एक प्रोड्यूसर को अपनी फिल्म की मेकिंग के साथ समझौता करना पड़ जाता है। इस कारण से प्रोडक्शन वैल्यू पर असर पड़ता है और ऑडियंस को फिल्म उतनी पसंद नहीं आती जैसी उन्होंने बनानी चाही थी।' अमीषा ने आगे एक्टर्स को फीस से संबंधित सलाह देते हुए कहा, 'अगर एक एक्टर फिल्म के लिए सही फीस की डिमांड करता है, तब जाकर वो एक बेहतर सिनेमा की तरफ ध्यान लगा सकते हैं और इससे उनपर फिल्म की बड़ी सक्सेस का दबाव भी हट जाएगा। क्योंकि फिल्म का बजट आपके कंट्रोल में होगा।' एक्ट्रेस ने अपनी बातचीत में आगे सुपरस्टार्स के साथ हो रही ट्रोलिंग पर भी बात की। उन्होंने उम्र को लेकर भेदभाव पर कहा कि ये सब गलत है, क्योंकि वही लोग हैं जो आज भी बॉक्स ऑफिस पर नंबर्स लेकर आ रहे हैं। अमीषा ने कहा, 'किसी भी एक्टर के साथ उम्र को लेकर भेदभाव करना गलत है क्योंकि आज हम देख रहे हैं। अपने सुपरस्टार्स को बूढ़ा या कुछ कहना काफी आसान है। लेकिन वो वही लोग भी हैं जो आज के टाइम पर बॉक्स ऑफिस चला रहे हैं और सारे नंबर्स लेकर आ रहे हैं। मेरा मानना यही है कि ये गलत बात है।'


# बिहार में 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' का चेहरा बनने पर गर्व है: पंकज त्रिपाठी



बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने अपने गृह राज्य बिहार में आयोजित हो रहे 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' का चेहरा बनने पर गर्व व्यक्त किया है। बिहार में अब तक आयोजित सबसे बड़े खेल आयोजन के रूप में प्रशंसित 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' ने देश भर से युवा खिलाड़ियों को आकर्षित किया है, जिससे राज्य एक गतिशील खेल केंद्र में बदल गया है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए अपने गृह राज्य में 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' से जुड़ना एक बड़ा सम्मान है। बिहार में इन खेलों का आयोजन होते देखना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए बिहार सरकार और खेल अधिकारियों को बहुत-बहुत बधाई! हमारे युवाओं को खेलों के लिए प्रोत्साहित करना सिर्फ़ शारीरिक शक्ति का निर्माण करने के बारे में नहीं है। यह अनुशासन, लचीलापन और आत्म-विश्वास को बढ़ावा देने के बारे में है।' उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि बिहार के प्रेरक चेहरे के रूप में मेरी भागीदारी युवा किशोर और किशोरियों को बड़े सपने देखने, सक्रिय रहने, जुनून तथा गर्व के साथ बिहार और देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित करेगी।'

# 'बेबी जॉन' एक्टर राजपाल यादव ने अपने फिल्मी सफर पर की बात

## बोले- अगर एक्टर नहीं बनता तो चुनता ये प्रोफेशन



भूल भुलैया 3 का 'छोटा पंडित' अब जल्द ही पर्दे पर एक बार फिर से सबको हंसा-हंसाकर लोटपोट करने के लिए लौट रहे हैं। अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर राजपाल यादव कार्तिक आर्यन के बाद अब जल्द ही पर्दे पर वरुण धवन के साथ एक बार फिर से जुगलबंदी करते हुए दिखाई देंगे। वह एटली के प्रोडक्शन में बनी एक्शन थ्रिलर फिल्म 'बेबी जॉन' में हवलदार की भूमिका में नजर आएंगे। जागरण फिल्म फेस्टिवल के मौके पर उन्होंने अपनी आगामी फिल्म और निजी जीवन से जुड़े कुछ अनुभव शेयर किए। मेरी शुरुआत नुक्कड़ नाटक से रही है। अभिनय एक राह है। हर मोड़ पर बहुत अच्छे-अच्छे राहगीर मिले। कभी सलमान भाई के रूप में कभी शाह रुख भाई के रूप में, कभी बच्चन साहब के रूप में तो कभी अजय देवगन साहब के रूप में। सब राहगीरों के साथ बहुत कुछ सीखा क्योंकि अपने अंदर की राह को मैं बहुत प्यार करता हूं। उसके पीछे भी एक कारण ये था कि जंगल, जमीन, पर्यावरण, पहाड़ी के लिए भी कुछ करना चाहता था। नदियों के लिए काम करना चाहता था। मैंने इलेक्शन नहीं लड़ा था, बल्कि लोगों को लड़वाया था। पर 2020 में दादा पंडित देव प्रभाकर शास्त्री ने ब्रह्मलीन होने से पहले अभिनय पर फोकस करने का आदेश दे दिया। मैंने 1990 में निष्क्रिय भाव से राजनीति शुरू की थी क्योंकि अभिनय के बाद पसंदीदा सब्जेक्ट पॉलिटिक्स ही रहा है। अगर मैं अभिनेता नहीं होता तो पत्रकार या नेता होता, क्योंकि ये दोनों क्षेत्र भी अभिव्यक्ति वाले ही हैं। ये नवाज भाई का बड़प्पन है।

# Operation Sindoor पर पोस्ट करने के लिए इस बॉलीवुड एक्ट्रेस को मिली धमकी



ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने आतंकियों से पहलगाम हमले का बदला लिया और पाकिस्तान में मौजूद उनके ठिकानों पर वार किया। इस सफल मिशन के बाद पूरे देश ने सैन्य बलों का साथ दिया। बॉलीवुड सेलिब्रिटीज ने भी सैन्य बलों की तारीफ की। हालांकि, इनमें से एक अभिनेत्री को ऑपरेशन सिंदूर पर रिएक्ट करना भारी पड़ गया। यह अभिनेत्री कोई और नहीं बल्कि नो एंट्री फेम सेलिना जेटली हैं जो इन दिनों फिल्मी दुनिया से दूर ऑस्ट्रिया में रह रही हैं। हाल ही में, सेलिना ने ऑपरेशन सिंदूर के सपोर्ट में एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया जिसके बाद न सिर्फ उन्हें ट्रोल किया गया, बल्कि धमकी भी दी गई। अब सेलिना ने ट्रोलिग पर रिएक्शन दिया है। दरअसल, सेलिना जेटली ने 7 मई को हुए ऑपरेशन सिंदूर और सैन्य बलों की सराहना की। इस पोस्ट के बाद लोगों ने उन्हें अनफॉलो कर रहे हैं और धमकी भी दे रहे हैं। अब सेलिना ने बेधड़क होकर एक पोस्ट शेयर किया है और माफी मांगने से साफ-साफ इनकार किया है। उन्होंने कहा, 'जो लोग मुझे अनफॉलो कर रहे हैं या मुझे धमकी दे रहे हैं क्योंकि मैं अपने देश के लिए बोल रही हूं- वे इसे ध्यान से पढ़ें। मैं अपने देश के साथ खड़ी होने के लिए कभी माफी नहीं मांगूंगी। जब आतंक के नाम पर निर्दोष लोगों की जान ली जाएगी तो मैं कभी चुप नहीं रहूंगी।'

### बीसीसीआई ने कहा-विराट संन्यास पर फिर करें विचार

# टेस्ट मैच के लिए किंग कोहली ने टांग दिया अपना बल्ला

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

रोहित शर्मा के बाद अब विराट कोहली ने भी बीसीसीआई को टेस्ट से संन्यास लेने के अपने फैसले के बारे में बताया है। हालांकि, बोर्ड ने अभी तक इसे स्वीकार नहीं किया है और उन्हें फिर से विचार करने को कहा है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने कोहली से आगामी इंग्लैंड सीरीज को देखते हुए अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा है। हालांकि, कोहली क्या फैसला लेंगे इसको लेकर कोई जानकारी नहीं है। रोहित ने बुधवार को टेस्ट से संन्यास की घोषणा की थी और अब कोहली भी अगर अपना फैसला नहीं बदलते हैं तो एक अध्याय का अंत हो जाएगा।



### टेस्ट में पांच हजार रन

कोहली उन खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने टेस्ट में 5000 से ज्यादा रन और फील्डिंग करते हुए 50 से ज्यादा शिकार किए हैं। उनके नाम 123 टेस्ट में 42.30 की औसत से 9230 रन हैं, जबकि फील्डिंग करते हुए उन्होंने 121 शिकार (कैच पकड़े) किए हैं। ऐसा करने वाले भारतीयों की लिस्ट में कोहली के अलावा गुंडप्पा विश्वनाथ, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर, कपिल देव, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण, वीरेंद्र सहवाग, चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे हैं।

कोहली के नाम एक टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने साल 2014 में एडिलेड में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में पहली पारी में 115 रन और दूसरी पारी में 141 रन बनाए थे। इस लिस्ट में कोहली के अलावा भारत के विजय हजारे, सुनील गावस्कर, राहुल द्रविड़, अजिंक्य रहाणे और रोहित शर्मा शामिल हैं।

### एक सीरीज में सबसे ज्यादा दोहरे शतक

कोहली के नाम भारत के लिए एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा दोहरे शतक लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने साल 2017/18 में श्रीलंका के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में पांच पारियों में दो दोहरे शतक लगाए थे। श्रीलंका की टीम भारत के दौरे पर आई थी। कोहली ने इस सीरीज में 610 रन बनाए थे। उन्होंने तब श्रीलंका के खिलाफ नागपुर टेस्ट में 213 रन की पारी खेली थी। इसके बाद दिल्ली में 243 रन बनाए थे। तीन मैचों की सीरीज को भारत ने 1-0 से जीता था। इस मामले में ओवरऑल कोहली संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। इस लिस्ट में शीर्ष पर ब्रैडमैन हैं। उनके नाम एक सीरीज में सबसे ज्यादा तीन दोहरे शतक लगाने का रिकॉर्ड है।

### एक ही टेस्ट में शतक और नर्वस 90

कोहली उन चुनिंदा खिलाड़ियों में भी शामिल हैं, जिन्होंने एक टेस्ट की एक पारी में शतक लगाया और दूसरी में नर्वस 90 में आउट हुए हों। उनके साथ दो बार ऐसा हुआ है। कोहली ने साल 2013 में जोहानिसबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली पारी में 119 रन बनाए थे, जबकि दूसरी पारी में 96 रन बनाकर आउट हुए थे। इसके बाद साल 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ नॉटिंघम में पहली पारी में 97 रन और दूसरी पारी में 103 रन बनाए थे। इस लिस्ट में कोहली के अलावा अन्य भारतीय चंदू बोर्डे, मोहिंदर अमरनाथ, सौरव गांगुली, गौतम गंभीर और चेतेश्वर पुजारा हैं।9

### एक ही टेस्ट में शतक और शून्य

कोहली के नाम टेस्ट में एक अनचाहा रिकॉर्ड भी है। वह उन खिलाड़ियों की लिस्ट में भी शामिल हैं, जिन्होंने एक ही टेस्ट की एक पारी में शतक लगाया, जबकि दूसरी में खाता भी नहीं खोल सके। कोहली के साथ ऐसा साल 2017 में हुआ था। तब ईडेन गार्डेंस में कोहली श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट की पहली पारी में खाता नहीं खोल सके थे, जबकि दूसरी पारी में नाबाद 104 रन की पारी खेली थी। ऐसा करने वाले अन्य भारतीय बल्लेबाजों में मुलवंतरी हिम्मतलाल मांकड़, पंकज रॉय, विजय लक्ष्मण मांजरेकर, माधराव लक्ष्मणराव आप्टे, गुंडप्पा विश्वनाथ, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर, नवजोत सिद्धू, मोहम्मद अजहरुद्दीन, नयन मोंगिया, सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, राहुल द्रविड़, शिखर धवन, चेतेश्वर पुजारा, शुभमन गिल, सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल शामिल हैं।

### टेस्ट में सबसे ज्यादा दोहरे शतक

कोहली के नाम भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज्यादा दोहरे शतक लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने सात दोहरे शतक लगाए हैं। इस मामले में वह ओवरऑल लिस्ट में संयुक्त रुप से चौथे नंबर पर हैं। टेस्ट में सबसे ज्यादा दोहरे शतक सर डॉन ब्रैडमैन के नाम है। उन्होंने 12 दोहरे शतक लगाए थे। इसके बाद संगकारा और ब्रायन लारा का नाम आता है। भारतीयों में कोहली के बाद वीरेंद्र सहवाग का नाम आता है। सहवाग ने छह दोहरे शतक लगाए।

### विराट कोहली के अन्य टेस्ट रिकॉर्ड्स

▪ करियर में सबसे ज्यादा रन (9230) ओवरऑल 19वें स्थान पर। एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन (692) ओवरऑल 40वें स्थान पर। एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक रन (1322) ओवरऑल 35वें स्थान पर।
▪ हारे टेस्ट में दोनों पारियों को मिलाकर सर्वाधिक रन (256) ओवरऑल 7वें स्थान पर। एक कप्तान द्वारा एक सीरीज में सर्वाधिक रन (655) ओवरऑल 13वें स्थान पर। ▪ एक कप्तान द्वारा एक पारी में सर्वाधिक रन (254*) ओवरऑल 19वें स्थान पर। करियर में सबसे ज्यादा शतक (30) ओवरऑल 30वें स्थान पर।
▪ एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक शतक (5) ओवरऑल 22वें स्थान पर। ▪ एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक (9) ओवरऑल 11वें स्थान पर।
▪ लगातार पारियों में शतक (3) ओवरऑल पांचवें स्थान पर। ▪ लगातार मैचों में शतक (3) ओवरऑल 22वें स्थान पर। ▪ करियर में सबसे ज्यादा चौके (1027) ओवरऑल 26वें स्थान पर। ▪ करियर में सबसे ज्यादा मैच (123) ओवरऑल 29वें स्थान पर। ▪ सर्वाधिक प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार (10) ओवरऑल 26वें स्थान पर। ▪ सर्वाधिक प्लेयर-ऑफ-द-सीरीज पुरस्कार (3) ओवरऑल 49वें स्थान पर। ▪ कप्तान के रुप में सर्वाधिक मैच (68) ओवरऑल छठे स्थान पर।

### एक सीरीज में सबसे ज्यादा शतक

कोहली के नाम भारत के लिए एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने इस मामले में महान सुनील गावस्कर की बराबरी की है। गावस्कर और कोहली दोनों के नाम एक सीरीज में चार-चार शतक लगाने का रिकॉर्ड है। कोहली ने ऐसा साल 2014/15 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर किया था। इस सीरीज के चार मैचों की आठ पारियों में उन्होंने 692 रन बनाए थे। उन्होंने एडिलेड में 115 रन और 141 रन, मेलबर्न में 169 रन और सिडनी में 147 रन की पारी खेली थी। वहीं, गावस्कर ने ऐसा 1970/71 में वेस्टइंडीज दौरे पर किया था। ओवरऑल कोहली संयुक्त रुप से दूसरे नंबर पर हैं। इस लिस्ट में पहले नंबर पर वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर क्लाइडे लियोपोल्ड वॉलकॉट हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घर में पांच मैचों की सीरीज में पांच शतक लगाए थे।

# डेनवर नगेट्स ने ओकलाहोमा सिटी को 113-104 से हराया



एनबीए वेस्टर्न कॉन्फरेंस सेमीफाइनल प्लेऑफ सीरीज में डेनवर नगेट्स ने ओकलाहोमा सिटी को 113-104 पॉइंट्स से हरा दिया। जमाल मुरे ने ने 27 पॉइंट्स बनाए और निकोला माइकल पार्टर जूनियर ने 21 तथा निकोला जोकिच ने 20 पॉइंट्स। ओवरटाइम में नगेट्स के जोकिच के खेल ने कमाल कर दिया।

### आईपीएल 2025 के दोबारा शुरू होने पर दिया यह बयान

# इंडियन प्रीमियर लीग जल्द ही पूरा होगा-सौरव गांगुली

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने आईपीएल 2025 को स्थगित करने के भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के फैसले पर अपनी राय रखी है। बीसीसीआई ने शुक्रवार को भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए बीसीसीआई का 18वां सत्र एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया था। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा था कि 'फिलहाल लीग को एक हफ्ते के लिए टाल दिया गया है। इसके बाद हम हालात का जायजा लेंगे और फैसला करेंगे।' इसके लिए बोर्ड अलग से कार्यक्रम जारी करेगा।

फैसले का समर्थन किया- गांगुली ने इस मामले पर कहा, देश में युद्ध जैसे हालात हैं और बीसीसीआई को यह फैसला लेना पड़ा क्योंकि इसमें कई भारतीय और विदेशी खिलाड़ी खेलते हैं। उम्मीद है कि आईपीएल का यह सत्र दोबारा जल्द शुरू होगा क्योंकि टूर्नामेंट का सबसे अहम पड़ाव आ ही रहा था। बीसीसीआई को ऐसा इसलिए करना पड़ा क्योंकि धर्मशाला, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान ये सभी आईपीएल के मैच आयोजित कर रहे थे। उन्होंने कहा, पिछली रात जो हुआ उसके बाद स्थिति के हिसाब से चलना जरूरी था। आने वाले समय में मुकाबले पूरे कराए जाएंगे। आईपीएल पूरा होकर रहेगा और यह स्थिति काफी जल्दी समाप्त हो जाएगी क्योंकि पाकिस्तान लंबे समय तक दबाव नहीं झेल पाएगा।

इससे पहले, धर्मशाला में दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला गया मुकाबला रद्द कर दिया गया था। फ्लड लाइट्स में खराबी के कारण मैच को रोका गया था और दर्शकों तथा खिलाड़ियों को मैदान से बाहर ले जाया गया था। बीसीसीआई ने बताया था कि धर्मशाला में तकीनी खामी के चलते मैच रद्द किया गया है। हालांकि, गुरुवार से ही आईपीएल 2025 को लेकर संशय चल रहा था।



#### 16 मुकाबले शेष हैं

आईपीएल 2025 का सत्र अपने अंतिम पड़ाव पर चल रहा था और इसमें फाइनल सहित कुल 16 मुकाबले खेले जाने शेष थे। आईपीएल 2025 सत्र का फाइनल मुकाबला 25 मई को कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए इसे एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया गया है।

### पीसीबी ने अनिश्चितकाल के लिए टाला

# पाक ने भी स्थगित की टी20 लीग

**एजेंसी ● कराची**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया। इससे कुछ घंटे पहले ही घोषणा की गई थी कि भारत के साथ चल रहे सैन्य संघर्ष के कारण टी20 टूर्नामेंट को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्थानांतरित कर दिया गया है। हालांकि, रिपोर्ट्स के मुताबिक यूएई ने मेजबानी से इनकार कर दिया, जिसके बाद पीएसएल को स्थगित करने का फैसला लेना पड़ा। इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के बचे मैचों को भी एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया था।

पीसीबी ने एक बयान में कहा, 'स्थगित करने का फैसला प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मिली सलाह के अनुसार लिया गया है।' हालांकि, यह पता चला है कि एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड ने पीएसएल के बचे मैचों की मेजबानी के लिए पीसीबी के अनुरोध को मंजूरी देने से मना कर दिया, क्योंकि उसके बीसीसीआई के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध है।

पीसीबी ने इसके बाद लीग को स्थगित करने का फैसला करते हुए कहा कि वह अपने साझेदारों, फ्रेंचाइजी, भाग लेने वाले खिलाड़ियों, प्रसारकों, प्रायोजकों और आयोजकों के प्रयासों और समर्थन के उन्हें धन्यवाद देता है। पीएसएल 2025 में महज आठ मैच बचे थे और 18 मई को फाइनल खेला जाना था। पीसीबी ने शुक्रवार को कहा था कि अंतिम आठ मैच अब यूएई में खेले जाएंगे। पहले ये मैच रावलपिंडी, मुल्तान और लाहौर में खेले जाने थे। इससे पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच शुक्रवार को बड़ा फैसला लिया था। बीसीसीआई ने तनाव को देखते हुए आईपीएल 2025 का सत्र बीच में ही एक हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया है।

### त्रिकोणीय सीरीज में श्रीलंका की कड़ी चुनौती

# फाइनल में भारत और श्रीलंका का होगा मुकाबला



**एजेंसी ● कोलंबो**

भारतीय महिला टीम रविवार को कोलंबो में होने वाले त्रिकोणीय वनडे सीरीज के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हर विभाग में दमदार प्रदर्शन कर चैंपियन बनने की कोशिश करेगी। इस सीरीज में भारत को एकमात्र हार श्रीलंका के खिलाफ मिली है। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में हालांकि टीम ने सबसे प्रभावशाली प्रदर्शन किया और लीग चरण में चार मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रही।

श्रीलंका दो जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने अपना अभियान चार मैचों में एक सफलता के साथ तीसरे और आखिरी पायदान पर खत्म किया। इस मुकाबले को जीतना भारत और श्रीलंका दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि इससे इस साल के अंत में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों में मदद मिलेगी। भारत और श्रीलंका के बीच फाइनल मैच सुबह 10 बजे शुरू होगा।टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है जिसमें जेमिमा रोड्रिग्स ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक शतक (123) सहित 67 की औसत से अब तक 201 रन बनाये हैं। प्रतिका रावल (164), स्मृति मंधाना (148) और दीप्ति शर्मा (126) ने भी बल्ले से प्रभावी योगदान दिये हैं।

दीप्ति की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 93 रन की पारी ने भारत को बड़े स्कोर तक पहुंचने में मदद की और यह भी जता दिया कि जरूरत पड़ने पर टीम का निचला क्रम भी बल्ले से प्रभावी योगदान दे सकता है। कप्तान हरमनप्रीत कौर फाइनल में बड़ा स्कोर खड़ा कर सीरीज में बल्ले से अबतक की निराशा को पीछे छोड़ना चाहेगी। हरमनप्रीत ने अब तक नाबाद 41, 30 और 28 रन की उपयोगी पारियां खेली है लेकिन अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रही है। स्नेह राणा भारत की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज साबित हुई है। भारत की दायें हाथ की इस स्पिनर ने अब तक 11 विकेट चटकाये है जिसमें से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पारी में पांच विकेट लेना भी शामिल है। श्रीलंका की टीम एक बार फिर से हर्षिता समरविक्रमा से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। उन्होंने लीग चरण में 53 रन की पारी खेल भारत के खिलाफ टीम को जीत दिलाई थी। इस 26 साल की वामहस्त बल्लेबाज ने अब तक दो अर्धशतक की मदद से 177 रन बनाये है।

### क्या इंग्लैंड से बाहर निकलेगा मैच?

# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल भारत में कराने का इच्छुक है बीसीसीआई

**एजेंसी ● मुंबई**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) देश में 2025-2027 चक्र के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की मेजबानी करने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में एक प्रस्ताव को बाद में औपचारिक रूप दिया जाएगा। इससे पहले डब्ल्यूटीसी के पहले संस्करण का फाइनल 2021 में साउथैम्पटन में और दूसरे संस्करण का फाइनल 2023 में ओवल में खेला गया था। वहीं, 2025 यानी इस साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल अगले महीने लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, पिछले महीने जिम्बाब्वे में आईसीसी की मुख्य कार्यकारी समिति के दौरान इस संबंध में चर्चा हुई थी जहां बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने किया था। पूर्व बीसीसीआई सचिव जय शाह दिसंबर 2024 में ग्रेग बार्कले से पदभार संभालने के बाद वर्तमान आईसीसी अध्यक्ष हैं। एक सूत्र ने संकेत दिया, 'अगर भारत अगले डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचता है तो यह प्रशंसकों के लिए एक शानदार मौका होगा। पर अगर भारत फाइनल में नहीं खेलता है तो भी दो अन्य शीर्ष टीमों के बीच मैच में बहुत से लोग दिलचस्पी लेंगे।' भारत अब तक दो बार डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंच चुका है। 2021 में उसे न्यूजीलैंड ने और 2023 में ऑस्ट्रेलिया ने हराया था।

इस संस्करण यानी 2025 के फाइनल के लिए भारतीय टीम क्वालिफाई नहीं कर सकी। टीम न्यूजीलैंड और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में हारकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की रेस से बाहर हो गई। भारत के नियमित टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने टेस्ट से संन्यास ले लिया है। ऐसे में टीम इंडिया टेस्ट चैंपियनशिप के नए सत्र में एक नए कप्तान के साथ उतरेगी। शुभमन गिल फिलहाल कप्तानी की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं।

भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के 2025-27 चक्र की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के साथ करेगी। लीड्स में 20 जून से पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा। भारत ने पिछली बार 2021-22 में इंग्लैंड का दौरा किया था। उस वक्त टीम विराट कोहली के नेतृत्व में टेस्ट सीरीज खेलने गई थी। हालांकि, कोरोना की वजह से पांचवां टेस्ट बाद में खेला गया था और तब बुमराह ने कप्तानी की थी। सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुई थी।



**भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का कार्यक्रम**

| मैच | दिनांक | स्थान |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | 20-24 जून 2025 | हेडिंग्ले, लीड्स |
| दूसरा टेस्ट | 02-06 जुलाई 2025 | एजबस्टन, बर्मिंघम |
| तीसरा टेस्ट | 10-14 जुलाई 2025 | लॉर्ड्स, लंदन |
| चौथा टेस्ट | 23-27 जुलाई 2025 | ओल्ड ट्रेफोर्ड, मैनचेस्टर |
| पांचवां टेस्ट | 31-04 अगस्त 2025 | द ओवल, लंदन |

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, रविवार, 11 मई, 2025
www.adityabharat.com





रूस में विजय दिवस के मौके पर परेड निकाली, जिसमें महिला सैनिक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## शॉट न्यूज

### पाकिस्तान में भूकंप से हिली जमीन

**कराची।** पाकिस्तान पर जैसे हर तरफ से आफत टूटी पड़ी है। एक तरफ भारत से तनाव के बीच पाकिस्तान की सिट्टी-पिट्टी गुम है, उधर आधी रात को जब लोग गहरी नींद में थे तभी धरती कांपी और पाकिस्तान के कई इलाकों में दहशत की लहर दौड़ गई। शनिवार रात 1:44 बजे (भारतीय समयानुसार) पाकिस्तान की जमीन एक बार फिर कांप उठी। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान में 4.0 तीव्रता का भूकंप आया।हाल के हफ्तों में आया चौथा भूकंपनेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक, भूकंप का केंद्र 29.67 डिग्री उत्तर और 66.10 डिग्री पूर्वी अक्षांश-देशांतर पर, जमीन से 10 किलोमीटर नीचे था। यह हाल के हफ्तों में पाकिस्तान में आया चौथा भूकंप है।

### पुरी के सेवादार को कारण बताओ नोटिस

**पुरी।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने शुक्रवार को पुरी मंदिर के वरिष्ठ सेवादार रामकृष्ण दासमोहपात्रा को एक और कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसमें उनसे पश्चिम बंगाल के दीघा में जगन्नाथ मंदिर के अभिषेक समारोह में उनकी सक्रिय भागीदारी के पीछे का कारण बताने को कहा गया। दासमोहपात्रा, दैतापति निजोग (सेवादारों का एक समूह जो पुरी देवताओं के अंगरक्षक माने जाते हैं) के सचिव हैं। दासमोहपात्रा, पुरी मंदिर के 55 से सेवादारों में से एक थे, जिन्होंने दीघा मंदिर के उद्घाटन में भाग लिया।

### केरल में निपाह के 6 केस की रिपोर्ट निगेटिव

**कोच्चि।** केरल में निपाह वायरल के संदिग्ध 6 लोगों की जांच रिपोर्ट नेगेटिव आई है, लेकिन इन मरीजों की हालत अभी भी गंभीर बना हुई है। सभी का मंजेरी मेडिकल कॉलेज के आइसोलेशन वार्ड में इलाज जारी है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा- मलप्पुरम डीएम के अंडर हाई लेवल कमेटी बनाई गई है। संक्रमित मरीज के संपर्क में आए सभी 49 लोगों पर नजर रखी जा रही है।

### ऑपरेशन सिंदूर को मिला बलूच नेता का समर्थन

# बलूचिस्तान की आजादी का समय आ गया : बलूच नेता चंद

**एजेंसी ● इस्लामाबाद**

**समर्थन**

भारत से जारी तनाव के बीच पाकिस्तान को बलूचिस्तान में लगातार झटके लग रहे हैं। बलूच नेता और बलूच अमेरिकी कांग्रेस (बीएसी) के अध्यक्ष तारा चंद ने पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान में आतंकवादियों को पनाह देना एक महत्वपूर्ण मुद्दा बना हुआ है। तारा चंद ने कहा है कि अब बलूचिस्तान की आजादी का समय आ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक बयान में चंद ने कहा, 'प्रिय प्रधानमंत्री मोदी जी, मैं पाकिस्तान में घुसकर आतंकवाद के खिलाफ हाल ही में की गई कार्रवाई के लिए अपना समर्थन व्यक्त करना चाहता हूं। हालांकि, यह स्वीकार करना महत्वपूर्ण है कि पाकिस्तान ने ऐसे कई आतंकवादियों को पनाह दी है। 'चंद ने बलूचिस्तान की स्थिति पर प्रकाश डाला और पुष्टि की, 'जब तक बलूचिस्तान की स्थिति, जो पाकिस्तान की स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है, का समाधान नहीं किया जाता, तब तक पाकिस्तान भारत के लिए चुनौतियां पेश करता रहेगा।






बलूचिस्तान की आजादी के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण पर विचार करने का समय आ गया है, ठीक उसी तरह जैसे गांधी ने बांग्लादेश को पाकिस्तान से अलग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वर्तमान में, बलूचिस्तान के लोग भारत के लोगों के साथ एकजुटता में खड़े हैं। 'इससे पहले, तारा चंद ने इस बात पर प्रकाश डाला कि बलूच लोग लचीले और दृढ़ हैं। उन्होंने कहा कि उनकी भूमि पर नियंत्रण या शोषण करने के किसी भी प्रयास का भारी विरोध होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत बलूचिस्तान की स्वतंत्रता का समर्थन करने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण पर विचार करे। हाल के महीनों में, बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा मानवाधिकारों के हनन में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।बलूच नेशनल मूवमेंट की मानवाधिकार शाखा, पांक की जनवरी 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, 14 जिलों में 107 जबरन गायब होने की घटनाएं हुईं, जिनमें केच जिले में सबसे अधिक 30 मामले दर्ज किए गए। इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट में इसी अवधि के दौरान आठ न्यायेतर हत्याओं का भी उल्लेख किया गया है। पिछले वर्ष, पांक ने 22 जबरन गायब होने और पांच हत्याओं की रिपोर्ट की थी, जिसमें केच और ग्वादर जिले सबसे अधिक प्रभावित थे।

## आतंक की नर्सरी चला रहे पाक को आईएमएफ ने दिया लोन

### भारत का विरोध, वोटिंग में नहीं लिया हिस्सा

**एजेंसी ● न्यूयॉर्क**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने शुक्रवार को पाकिस्तान को मौजूदा एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी के तहत लगभग 1 अरब अमेरिकी डॉलर की तुरंत किस्त जारी करने की मंजूरी दे दी है। यह जानकारी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने दी। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस पर कहा कि 'आईएमएफ की ओर से पाकिस्तान के लिए 1 अरब डॉलर की किस्त को मंजूरी मिलना भारत की दबाव बनाने की रणनीति की असफलता है।' यह बयान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी किया गया।

इससे पहले भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से पाकिस्तान को प्रस्तावित 1।3 बिलियन डॉलर के बेलआउट पैकेज पर मतदान से किनारा किया था। भारत ने इसके पीछे इस्लामाबाद के 'वित्तीय सहायता के इस्तेमाल में खराब रिकॉर्ड' का हवाला दिया।

9 मई को वाशिंगटन में हुई आईएमएफ बोर्ड बैठक में भारत ने पाकिस्तान की ओर से बार-बार आईएमएफ की सहायता शर्तों को पूरा न करने को लेकर चिंता जताई। भारत ने आईएमएफ की एक रिपोर्ट का हवाला भी दिया जिसमें कहा गया है कि पाकिस्तान को बार-बार राहत दिए जाने से वह आईएमएफ के लिए 'too-big-to-fail' कर्जदार बन गया है। साथ ही रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि पाकिस्तान को आईएमएफ सहायता देने में राजनीतिक कारक भी भूमिका निभाते हैं।

### आतंकी संगठनों को जा रहा आईएमएफ का पैसा'

भारत ने यह भी दोहराया कि पाकिस्तान को दी जाने वाली वित्तीय सहायता अप्रत्यक्ष रुप से उसकी खुफिया एजेंसियों और आतंकी संगठनों जैसे लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद की मदद करती है, जो भारत पर हमलों को अंजाम देते रहे हैं। बता दें कि कंगाली से जूझ रही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था आईएमएफ सहायता पर बुरी तरह निर्भर है। भारत के इस मतदान से दूरी बनाने को आईएमएफ और अन्य बहुपक्षीय वित्तीय संस्थाओं को यह संदेश देने के रुप में देखा जा रहा है ।

## बांग्लादेश में हसीना की पार्टी का नामोनिशान मिटाने की तैयारी

**एजेंसी ● ढाका**

बांग्लादेश की लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहीं शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर बैन लग सकता है। बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने शुक्रवार को इसका संकेत दिया है। सरकार की ओर से कहा गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग को बैन करने पर जल्द फैसला लिया जाएगा। एनसीपी कार्यकर्ताओं के यूनुस के घर के पास भारी विरोध प्रदर्शन के बाद सरकार का ये बयान आया है। विरोध अवामी लीग की सरकार बीते साल अगस्त में गिर गई थी, जब बांग्लादेश में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। 5 अगस्त, 2024 को उस वक्त की पीएम शेख हसीना को आनन-फानन में ढाका छोड़ना पड़ा था। शेख हसीना इसके बाद से भारत में शरण लिए हुए हैं। एचटी की रिपोर्ट के मुताबिक, मोहम्मद यूनुस के कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि अंतरिम सरकार अवामी लीग पर सत्ता में रहते हुए लगे तानाशाही और आतंकी गतिविधियों के आरोपों को लेकर गंभीर है। इसलिए इस पार्टी को बैन करने की मांग पर विचार किया जा रहा है। सरकार ने इस बारे में अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों से बात की है और सभी की सलाह से इस पर जल्दी ही फैसला होगा। बांग्लादेश की छात्रों के नेतृत्व वाली नई राजनीतक पार्टी एनसीपी के लोग मोहम्मद यूनुस के घर को घेरते हुए अवामी लीग पर बैन की मांग कर रहे हैं।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा-

## भारत-पाक के बीच जल्द कम होना चाहिए तनाव : ट्रम्प

**एजेंसी ● वॉशिंगटन**

**संघर्ष**

अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को जल्द कम की अपील की है। वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो दोनों देशों के नेताओं के साथ लगातार संपर्क में हैं। वह इस संघर्ष को समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। भारत-पाकिस्तान संघर्ष में मध्यस्थता के अमेरिकी प्रयासों पर लेविट से शुक्रवार को सवाल पूछा गया। इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'यह कुछ ऐसा है जिसमें विदेश मंत्री और अब हमारे एनएसए मार्को रुबियो भी शामिल हैं। राष्ट्रपति ने व्यक्त किया है कि वह चाहते हैं कि यह तनाव जल्द से जल्द कम हो जाए। वह समझते हैं कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ओवल ऑफिस में आने से बहुत पहले से ये दोनों देश दशकों से एक-दूसरे के साथ मतभेद में रहे हैं। हालांकि, उनके दोनों देशों के नेताओं के साथ अच्छे संबंध हैं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो दोनों देशों के नेताओं के साथ लगातार संपर्क में हैं, इस संघर्ष को समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं।'22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इसमें 26 नागरिक मारे गए। इस हमले में आतंकियों ने महिलाओं के सामने उनके पतियों की हत्या की, जिससे उनकी मांग का सिंदूर उजड़ गया। इसके बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इसके तहत 6-7 मई को भारतीय वायुसेना, थलसेना और नौसेना ने मिलकर 25 मिनट में 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के शिविर शामिल थे।



एससीएएलपी मिसाइलों, एएएसएम हैमर बमों और घातक ड्रोनों का उपयोग किया गया, जिससे 70-100 आतंकी मारे गए। हमले मुजफ्फराबाद, कोटली, बहावलपुर आदि स्थानों पर किए गए। भारत ने सुनिश्चित किया कि कोई सैन्य या नागरिक ठिकाना निशाना न बने।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)